बालाघाट, सिवनी, मंडला, गोंदिया एवं भंडारा जिले में प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 18 अगस्त 2026 | दिन - मंगलवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 202 | मूल्य - 5 रुपये

● बालाघाट ● वारासिवनी ● कटंगी ● बैहर ● लांजी ● परसवाड़ा ● सिवनी ● बरघाट ● छपारा ● केवलारी ● गोंदिया - भंडारा ● आमगांव ● गोरेगांव ● सालेकसा ● देवरी ● तिरोड़ा







## बालाघाट जिले के बैहर थानांतर्गत कुमादेही में आधी रात को

# हथियारों के बल पर की गई डकैती मामले में बैहर पुलिस ने गोंदिया निवासी 7 आरोपियों संहित 08 को किया गिरफ्तार..

### आरोपियों के कब्जे से 01 लाख 80 हजार नगद, करीब 15 लाख के सोने-चांदी के जेवरात सहित करीब 17 लाख का मशरूका किया जब्त..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिले के बैहर थाना अंतर्गत ग्राम कुमादेही में दिनांक 12 अगस्त 2026 की रात करीब 11:15 बजे व्यापारी तेजराम ठाकरे के घर पहुंचकर गाड़ी में पेट्रोल खत्म होने का बहाना बनाकर दरवाजा खटखटाकर जबरन पेट्रोल मांगने के नाम पर घर में घुसे चाकू, तलवार एवं अन्य हथियारों को साथ लेकर आरोपियों ने***

प्रार्थी, उसकी पत्नी एवं पुत्र के साथ मारपीट कर डराया-धमकाया तथा घर की अलमारी एवं संदूक में रखी नगदी रकम, सोने-चांदी के जेवरात एवं मोबाइल फोन लूटकर मौके से फरार हो गए। इस मामले में थाना बैहर में अपराध क्रमांक 147/2026, धारा 309(6), 115(2), 127(2), 310(2), 312 बीएनएस एवं 25(बी) आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, तथा अब पुलिस ने गोंदिया जिले के 07 और बालाघाट जिले का निवासी एक आरोपी संहित 08 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद एफएसएल, फिंगर प्रिंट एवं डॉग स्क्वॉड की सहायता से वैज्ञानिक निरीक्षण कर संभावित साक्ष्य एकत्रित किए गए। साथ ही घटनास्थल एवं आसपास के मार्गों के सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य तकनीकी साक्ष्यों का बारीकी से विश्लेषण किया गया। प्राप्त मुखबिर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर बालाघाट पुलिस को आरोपियों के गोंदिया में होने की सूचना प्राप्त हुई। जिस पर बालाघाट पुलिस द्वारा दबिश दी जाकर गोंदिया पुलिस के सहयोग से आरोपियों को गोंदिया से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। पुलिस ने खुलासा किया कि आरोपियों ने बताया कि उन्होंने योजना बनाकर डकैती को अंजाम दिया। आरोपियों से नगदी रकम 1 लाख 80,000 रुपये एवं सोने-चांदी के जेवरात अनुमानित कीमत 15 लाख एवं 06 नग मोबाईल फोन, पिस्टलनुमा लाइटर 01 नग, चाकू 01 नग, तलवार 01 नग एवं चमड़े का बेल्ट 01 नग इसी प्रकार स्प्लेंडर मोटरसाइकिल 01, होंडा साइन मोटरसाइकिल 01 एवं स्कूटी 01 को जब्त किया गया है।

## ये है सभी 08 आरोपी, जिन्हें किया गया गिरफ्तार..

**पुलिस ने आरोपियों के नाम का खुलासा करते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में 1. डैनी उर्फकिशन अजीत, उम्र 35 वर्ष, निवासी सूर्याटोला, थाना सिटी गोंदिया, 2. राज लहरी, उम्र 24 वर्ष, निवासी नागपुरा मुर्रीलाल पहाड़ी, थाना सिटी गोंदिया, 3. मयूर गजापुरी, उम्र 23 वर्ष, निवासी श्रीनगर चौहान चौक, गोंदिया, 4. प्रणय मैत्राम, उम्र 21 वर्ष, निवासी भीमनगर गोंदिया, 5. दर्शन जगने, उम्र 21 वर्ष, निवासी कुंभारे नगर गोंदिया, 6. शुभम गांधे, उम्र 26 वर्ष, निवासी कुंभारे नगर गोंदिया, 7. मयंक उर्फ छोटन मनोटे, उम्र 23 वर्ष, निवासी कुंभारे नगर गोंदिया, 8. आलोक उर्फ उकेश सिलवंशी, उम्र 33 वर्ष, निवासी ग्राम लामता, जिला बालाघाट को गिरफ्मार किया गया है। पुलिस ने बताया कि इन आरोपियों में से डैनी उर्फ किशन अजीत पर थाना सिटी कोतवाली गोंदिया में अपराध क्रमांक 253/2023, धारा 65(ई), महाराष्ट्र पुलिस एक्ट/आबकारी अधिनियम, इसी प्रकार मयंक उर्फ छोटन मनोटे पर थाना सिटी कोतवाली गोंदिया में अपराध क्रमांक 765/2023, धारा 25 आर्म्स एक्ट एवं राज लहरी पर थाना सिटी कोतवाली गोंदिया में वर्ष 2023 में धारा 65(ई), महाराष्ट्र पुलिस एक्ट/आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज है।**

## इनकी रही सराहनीय भूमिका..

संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी बैहर उपनिरीक्षक दीपिका सिंगोर, थाना प्रभारी रूपझर निरीक्षक कामेश धूमकेतु, थाना प्रभारी मलाजखंड धर्मेंद्र जौनवार, थाना प्रभारी बिरसा अजय कैन, चौकी प्रभारी उकवा निरीक्षक सुभाष दुबे, फिंगर प्रिंट प्रभारी निरीक्षक संजय उडके, थाना प्रभारी लांजी मुकेश दुबोलिया, साइबर सेल प्रभारी मोहम्मद तौसीफखान एवं उनि. योगेश कुमरे, उनि. शिवलाल परते, उनि. मुकेश नरताम, उनि. जयराम सैयाम, उनि. अयूब खान, सउनि. दुर्गाप्रसाद जिजोते, सउनि. रामासिंह नरे, सउनि. कुंवर टेकाम, प्रधान आरक्षक सुखमन, रोशन एवं आरक्षक कमलेश, नरेंद्र टेकाम, चित्रसेन, छत्रजीत, विकास, बालचंद, एकांत, विनोद, चालक आरक्षक राजेश, राजेश वर्मा, नवीन, श्यामलाल, बलिराम यादव, सुजीत पाल, राहुल भारद्वाज, अभिषेक सिंह, मंगलेश, तोपेन्द्र, नितकू पन्द्रे, हरजिन्दर राठी, एसएएफ बल के फिरोज, त्रिवेणी, यश हरिसखेडे, इन्द्रजीत हरिसखेडे, मनीष उडके, प्रह्लाद मर्कोले, अरुण, वीरेन्द्र, सुमित, काजल, आरती, अनामिका, दीपिका, नीलिमा, रविना एवं लक्ष्मी की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही।

## जगप्रेरणा फोटो कैप्शन



गोंदिया के नागरा धाम में तृतीय सावन सोमवार एवं नाग पंचमी पर भगवान शिव के परमभक्त सुमित गुप्ता एवं डॉ. अपूर्व गुप्ता परिवार द्वारा प्रातःकालीन पूजन के दौरान अनुपम श्रृंगार किया गया, चित्र इसी अवसर का..







# भाजपा की नयी राष्ट्रीय टीम में राम माधव, स्मृति ईरानी, बिप्लब देब को मिली जगह; पीयूष गोयल कोषाध्यक्ष..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***भाजपा ने पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन के नेतृत्व के तहत अपनी राष्ट्रीय टीम में सोमवार को व्यापक बदलाव करते हुए कई नये चेहरों को शामिल किया। वहीं, पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को महासचिव तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक***

संघ (आरएसएस) के पूर्व पदाधिकारी राम माधव को उपाध्यक्ष बनाया गया। सोमवार को घोषित कुल 65 पदाधिकारियों में से 51 नये हैं। इनमें से छह की उम्र 40 साल से कम है, 15 लोग 40-49 साल के आयु वर्ग में हैं और 21 लोग 50-59 साल के आयु वर्ग में हैं। पार्टी के अनुसार, पदाधिकारियों में 12 महिलाएं और अल्पसंख्यक समुदायों के छह नेता भी शामिल हैं। उन्होंने जोर दिया कि यह फेरबदल 2029 तक होने वाले विधानसभा चुनावों और अगले आम चुनावों के लिए भाजपा की तैयारियों को ध्यान में रखकर किया गया है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बनाया गया है। दिलचस्प बात यह है कि उनके पिता वेद प्रकाश गोयल, जो अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में केंद्रीय मंत्री थे, लंबे समय तक पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रहे थे। गोयल अकेले ऐसे केंद्रीय मंत्री हैं जिन्हें पार्टी की नयी टीम में शामिल किया गया है। भाजपा ने बी एल संतोष को राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) के पद पर बनाए रखा है, जो पार्टी में एक महत्वपूर्ण पद है। पार्टी ने अमित मालवीय को आईटी प्रकोष्ठ प्रमुख पद से हटाकर उनकी जगह छत्तीसगढ़ के दीपक म्हस्के को नियुक्त किया है, जबकि गुजरात के हेमांग जोशी को लोकसभा सदस्य तेजस्वी सूर्या की जगह भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) का अध्यक्ष बनाया गया है। यह फेरबदल, 2015 में अमित शाह के पार्टी अध्यक्ष रहने के दौरान संगठन में किये गए बड़े बदलाव के एक दशक से भी अधिक समय बाद हुआ है। इस घटनाक्रम ने जल्द ही मंत्रिमंडल में फेरबदल होने की अटकलों को फिर से हवा दे दी है। कई नेताओं ने अपना राजनीतिक कद घटने के बाद अहम भूमिकाओं में वापसी की है। इनमें ईरानी और राम माधव भी शामिल हैं। ईरानी 2024 के लोकसभा चुनावों में अमेठी से हार गई थीं। वहीं, राम माधव को सितंबर 2020 में तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा अपनी टीम बनाए जाने के समय राष्ट्रीय महासचिव के पद से हटा दिया गया था। त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब को भी अपने आठ राष्ट्रीय महासचिवों की टीम में शामिल किया है, जिनमें से छह नये हैं। नये उपाध्यक्षों में लोकसभा सदस्य डी. पुरंदेश्वरी और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत शामिल हैं। महासचिव की सूची में शामिल नये चेहरों में भाजपा सांसद एवं पार्टी की राजस्थान इकाई के पूर्व अध्यक्ष सतीश पूनिया, लोकसभा सदस्य गजेंद्र पटेल, राज्यसभा सदस्य संजय भाटिया और पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी शामिल हैं। द्विवेदी वर्तमान में, असम में पार्टी के राजनीतिक मामलों के प्रभारी हैं। विनोद तावड़े और सुनील बंसल ही ऐसे दो राष्ट्रीय महासचिव हैं जिन्हें भाजपा ने अपनी नयी टीम में बरकरार रखा है। भाजपा के राज्यसभा सदस्य तरुण चुघ को संसद के उच्च सदन के सदस्य अरुण सिंह की जगह पार्टी के केंद्रीय मुख्यालय का प्रभारी बनाया गया है। नयी टीम में उपाध्यक्षों की संख्या 11 से बढ़ाकर 13 कर दी गई है, जिनमें से नौ नये हैं। राष्ट्रीय महासचिवों की कुल संख्या भी पहले के सात से बढ़ाकर आठ कर दी गई है। भाजपा की नयी टीम में 16 राष्ट्रीय सचिव हैं। पिछली टीम में 11 राष्ट्रीय सचिव थे।








कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर,
शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800





जग प्रेरणा live शहर बालाघाट

● गर्रा ● भटेरा ● देवटोला ● आंवलाझिरी ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई





मान्यता ऑटो पार्ट्स

सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते हैं एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।

Hero BAJAJ HONDA TVS

मनीष वर्मा
मो. 9425448126

वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)


# कमिश्नर एवं कलेक्टर ने किया बालाघाट जिले के बैहर एवं बिरसा विकासखंड का सघन भ्रमण एवं निरीक्षण

## लापरवाही पर अधिकारियों को दी चेतावनी..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***संभागायुक्त श्री धनंजय सिंह ने आज बालाघाट कलेक्टर श्री कुमार सत्यम के साथ बालाघाट जिले के बैहर एवं बिरसा विकास खंड अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिठली एवं बिरसा विकास खंड के कुंडेकसा ग्राम में बने अस्थायी***

स्वास्थ्य कैम्प का निरीक्षण किया। इस दौरान दस्तक अभियान की प्रगति से स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया। संभागायुक्त ने विभागीय अधिकारियों को वर्षाजनित संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिये आवश्यक उपाय सुनिश्चित करने के व्यापक दिशा निर्देश दिए। संभागायुक्त द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रों के संचालन एवं उनमें पंजीकृत बच्चों के सम्बन्ध में महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे क्षेत्र की समस्त आंगनवाड़ी केंद्रों का सतत निरीक्षण करें तथा बच्चों को समय पर पोषण आहार, नाश्ता एवं मध्यान भोजन गुणवत्तापूर्ण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। विभागीय अधिकारियों द्वारा बताया गया कि अब तक लगभग 1300 से अधिक बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जा चुका है।

संभागायुक्त द्वारा पेयजल स्त्रोतों तथा शुद्ध पेयजल उपलब्धता के संबंध में निरीक्षण के दौरान जानकारी लेने पर पीएचई विभाग के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि बैहर एवं बिरसा विकास खंड के ग्रामों में 529 सक्रिय हैंड पंप है इन सभी का क्लोरीनेशन किया जा रहा है। संभागायुक्त श्री धनंजय सिंह ने विभागीय अधिकारियों को निरीशित किया कि वे सभी पेयजल स्त्रोतों की वाटर टेस्टिंग कराकर शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करें।

भ्रमण के दौरान संभागायुक्त ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को निर्देशित किया कि सभी ग्राम पंचायतों में मार्गो एवं ड्रेनेज की नियमित साफ सफाई, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव एवं शुद्ध पेयजल की उपलब्धता अनिवारूप से सुनिश्चित करें। इसी प्रकार सभी छात्रावास एवं स्कूलों में साफ-सफाई तथा बच्चों के भोजन वितरण आदि में पर्याप्त स्वच्छता एवं गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए। छात्रावास एवं आश्रमो में बच्चों के लिए मच्छरदानी आदि की समुचित व्यवस्था की जाए। साथ ही पेयजल श्रोत का क्लोरीनेशन एवं टंकियों की साफ-सफाई भी नियमित रूप से विभागीय अधिकारी सुनिश्चित करें। संभागायुक्त ने बोंदारी ग्राम के उर्सेकल टोला में स्थित प्राथमिक शाला के निरीक्षण के दौरान छात्रों को गणवेश उपलब्ध न होने तथा शैक्षणिक गुणवत्ता की प्रगति ठीक न पाए जाने से संबंधित शिक्षक एवं डीपीसी का स्पष्टीकरण लेकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश कलेक्टर को दिए। संभागायुक्त ने निरीक्षण के दौरान चेतावनी दी कि सेवाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली से भ्रमण पर आई नेशनल ज्वाइंट आउट ब्रेक रिस्पॉन्स टीम के विशेषज्ञों से भी संभागायुक्त श्री धनंजय सिंह ने संवाद किया। भ्रमण के दौरान कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं विभागीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# मुनि श्री 108 विराट सागर जी महाराज के 23 वे दीक्षा दिवस पर चार दिवसीय कार्यक्रमों का भव्य आयोजन



जगप्रेरणा बालाघाट।

***संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज एवं आचार्य श्री 108 समयसागर जी महाराज के आशीर्वाद से मुनि श्री 108 विराट सागर जी महाराज का 23 वाँ दीक्षा दिवस धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजनों के साथ श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में मनाया जा रहा है। चार दिवसीय कार्यक्रम में देश के विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गुरु भक्त बालाघाट पहुंचे हैं।***

16 अगस्त से प्रारंभ हुए इस त्रिदिवसीय धार्मिक आयोजन में मुनि श्री 108 निस्संग सागर जी महाराज का दीक्षा दिवस समारोह एवं मंगल कलश स्थापना समारोह श्रद्धा-भक्ति के साथ संपन्न हुआ। इसके बाद विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुनि श्री 108 विराट सागर जी महाराज के 23वें दीक्षा दिवस के अवसर पर आज विशेष धार्मिक आयोजन होंगे। कोलकाता, राजस्थान, उदयपुर, जबलपुर, नैनपुर, मंडला, मंदसौर, पिंडरई, घंसौर, लालबर्रा, वारासिवनी, लामता, गोंदिया, नागपुर, दिल्ली, मुंबई सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु एवं गुरु भक्त इस पावन अवसर पर बालाघाट पहुंचे हैं। तीन दिवसीय आयोजन में अभिषेक, शांतिधारा पूजन, प्रवचन, मंगलाचरण, चित्र अनावरण, पादप्रक्षालन एवं शास्त्र भेंट सहित अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। श्रद्धालुओं ने मुनि श्री विराट सागर जी महाराज के संयम, साधना एवं धर्म प्रभावना का स्मरण करते हुए उनके प्रति अपनी श्रद्धा एवं भक्ति अर्पित की।

इस धार्मिक आयोजन का समापन 19 अगस्त को मुकुट सप्तमी महोत्सव के साथ होगा। मुकुट सप्तमी के अवसर पर भगवान पार्श्वनाथ के मोक्ष कल्याणक से जुड़े विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, अभिषेक, शांतिधारा, निर्वाण लाडू एवं विशेष प्रवचन सहित धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस प्रकार 16 अगस्त से प्रारंभ हुआ यह धार्मिक आयोजन 19 अगस्त को मुकुट सप्तमी महोत्सव के साथ पूर्णता प्राप्त करेगा। पूरे आयोजन को लेकर बालाघाट सहित आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धा एवं उत्साह का वातावरण बना हुआ है।

**कार्यक्रम को सफल बनाने में सकल दिगम्बर जैन समाज बालाघाट, जिनेन्द्र भक्त मंडल, महिला मंडल, विद्या श्री बहुमंडल, विद्या पूर्ण बालिका मंडल एवं आचार्य ज्ञान सागर पाठशाला सहित विभिन्न मंडलों के कार्यकर्ता सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। समाजजनों ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर मुनि श्री 108 विराट सागर जी महाराज के 23 वें दीक्षा दिवस एवं चार दिवसीय धार्मिक आयोजनों में सम्मिलित होकर धर्मलाभ लेने का आग्रह किया है।**

## मुस्लिम एजुकेशन एंड कल्चरल सोसायटी बालाघाट द्वारा

# 128 मुस्लिम मेधावी छात्र-छात्राओं का किया गया सम्मान, शिक्षा के प्रति जागरूकता का दिया संदेश..





जगप्रेरणा बालाघाट।

***मुस्लिम एजुकेशन एंड कल्चरल सोसायटी बालाघाट द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मुस्लिम छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए रविवार, 16 अगस्त 2026 को अंजुमन शादी हॉल, बालाघाट में मेधावी सम्मान समारोह का आयोजन***

किया गया। समारोह में वर्ष 2026 की कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की बोर्ड परीक्षाओं में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले कुल 128 मुस्लिम मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के माता-पिता, गणमान्य नागरिक, समाजसेवी तथा समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह में कक्षा 10वीं के 77 तथा कक्षा 12 वीं के 50 विद्यार्थियों सहित कुल 127 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त नवोदय विद्यालय में अंकों के आधार पर चयनित जिले की एकमात्र मुस्लिम छात्रा, जिसने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस प्रकार सम्मानित विद्यार्थियों की कुल संख्या 128 रही। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार, ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए, जबकि अन्य चयनित विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप बैग, प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट किए गए।

### कक्षा 10 वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन..

कक्षा 10वीं में मोहम्मद जिशान कुरैशी ने 474 अंक एवं 94.8 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। अस्पिया कुरैशी ने भी 474 अंक एवं 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। तब्बसुन कुरैशी ने 471 अंक एवं 94.2 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। महीन खान एवं अलविया खान ने 470-470 अंक तथा 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। तृतीय स्थान प्राप्त दोनों छात्राओं को 2,100-2,100 रुपये, ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। द्वितीय स्थान प्राप्त विद्यार्थी को 3,100 रुपये, ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र तथा प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को 5,100-5,100 रुपये, ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### कक्षा 12 वीं में भी बेटियों ने बढ़ाया मान..

कक्षा 12वीं में अलविरा खान ने 472 अंक एवं 94.4 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। फतिमा अली एवं अरसिया कुरैशी ने 459-459 अंक तथा 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शिफा परवीन ने 457 अंक एवं 91.4 प्रतिशत अंक हासिल किए। कक्षा 12वीं में द्वितीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को 3,100-3,100 रुपये, तथा प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थी को 5,100 रुपये, ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

### अतिथियों ने शिक्षा को बताया प्रगति का आधार

कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों में हीरो होंडा एजेंसी के संचालक एवं समाजसेवी अनुराग जायसवाल, संदीपनी विद्यालय के उपप्राचार्य साजिद मोहित तथा डॉ. साजिया तब्बसुम, सहायक प्राध्यापक एवं पीएचडी भूगर्भशास्त्र शामिल रहीं। समिति द्वारा अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्हें प्रतीक चिन्ह भेंट किए अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि जीवन में शिक्षा का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। माता-पिता को अपने बच्चों की शिक्षा के लिए लगातार प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता तेजी से बढ़ रही है और इसका प्रमाण यह है कि पिछले वर्ष जहां 78 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया था, वहीं इस वर्ष यह संख्या बढ़कर 128 हो गई है। अतिथियों ने विद्यार्थियों से लक्ष्य निर्धारित कर उच्च शिक्षा की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया।

### शिक्षा के प्रति बढ़ती जागरूकता का प्रमाण..

समिति के अध्यक्ष आदिल खान पटेल ने कहा कि पिछले वर्ष लगभग 78-80 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया था, जबकि इस वर्ष यह संख्या बढ़कर 128 हो गई है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या इस बात का प्रमाण है कि मुस्लिम समाज में शिक्षा के महत्व को लेकर जागरूकता लगातार बढ़ रही है। माता-पिता अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने के लिए प्रयासरत हैं, जो समाज की प्रगति के लिए सकारात्मक संकेत है। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों, अभिभावकों, नागरिकों तथा समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन गुलअफसा खान, अरसी खान एवं तफीम खान ने किया। समारोह में आयोजन समिति के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# जिला तेली साहू समाज महिला प्रकोष्ठ का आयोजन, हरियाली तीज महोत्सव में झूमीं समाज की महिलाएं..



जगप्रेरणा बालाघाट।

सावन की हरियाली और उमंग के बीच जिला तेली साहू समाज महिला प्रकोष्ठ द्वारा हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन होटल शीतल पैलेस में हर्षोल्लास के साथ किया गया।

कार्यक्रम में समाज की महिलाओं ने बढ़-चढकर सहभागिता निभाई और विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से तीज पर्व की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम की शुरुआत तीज पर्व की शुभकामनाओं और उत्साहपूर्ण माहौल के साथ हुई। इस दौरान महिला प्रकोष्ठ की ओर से विभिन्न मनोरंजक एवं आकर्षक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पारंपरिक झूले का आनंद लेते हुए महिलाओं ने सावन की खुशियों को यादगार बनाया।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। पारंपरिक परिधान और सावन के रंगों से सजे आयोजन में आपसी मेल-जोल, सौहार्द और मनोरंजन का माहौल बना रहा। कार्यक्रम के समापन पर सभी महिलाओं ने सामूहिक रूप से स्वल्पाहार का आनंद लिया। हरियाली तीज महोत्सव ने समाज की महिलाओं को एक-दूसरे से जुड़ने, आपसी भाईचारा एवं सौहार्द बढ़ाने के साथ अपनी संस्कृति और परंपराओं को जीवंत रखने का सुंदर अवसर प्रदान किया। जिला तेली साहू समाज महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष दीपा (ज्ञानेश्वरी) भोंगाड़े सहित सभी पदाधिकारियों ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग एवं सहभागिता करने वाली समाज की सभी महिलाओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

# विवेक ज्योति सी.बी.एस.ई. स्कूल बालाघाट में हर्षोल्लासपूर्वक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस..



जगप्रेरणा बालाघाट।


***विवेक ज्योति ज्ञानपीठ (सी.बी.एस.ई.) स्कूल बालाघाट में शनिवार, 15 अगस्त 2026 को देश का 80 वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था की संचालिका श्रीमती लता एलकर मैडम एवं विद्यालय की प्राचार्या डॉ. मोनिका एलकर मैम द्वारा मां सरस्वती का पूजन एवं***

ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान के साथ की गई। इसके बाद विद्यार्थियों ने देशभक्ति के नारों के साथ वातावरण को उत्साह एवं राष्ट्रप्रेम से भर दिया। कार्यक्रम के दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों ने फैंसी ड्रेस के अंतर्गत स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की वेशभूषा में आकर्षक प्रस्तुति दी, जिसे देखकर उपस्थित सभी दर्शक भावुक हो उठे। कक्षा तीसरी, चौथी एवं पांचवीं के विद्यार्थियों ने देशभक्ति से परिपूर्ण नृत्य प्रस्तुत किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों की शानदार सामूहिक प्रस्तुति दी। कक्षा छठवीं की छात्राओं ने समूह नृत्य 'मेरे भारत की बेटी' प्रस्तुत किया, जबकि छठवीं एवं सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने सामूहिक गीत प्रस्तुत किया। कक्षा सातवीं की छात्रा सृष्टि सिंह चौहान ने एकल नृत्य तथा छात्रा सिद्धि भोर ने एकल गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान पूरा विद्यालय परिसर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए स्वतंत्रता दिवस थीम पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई।

प्रतियोगिता में जूनियर एवं सीनियर वर्ग के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान पूर्वी सोनवाने, द्वितीय आलोक बुराडे तथा तृतीय स्थान वीर भोर, भूमि बोरकर एवं सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान संस्कार बुराडे, द्वितीय स्थान प्रियाशु उडके तथा तृतीय स्थान गुलशन ठाकुर और अभिराम एलकर ने प्राप्त किया।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्राचार्या डॉ. मोनिका एलकर मैम एवं आर्ट एंड क्राफ्ट शिक्षक प्रदीप पुंजवार सर द्वारा विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर संस्था की संचालिका श्रीमती लता एलकर मैडम ने अपने उद्बोधन में स्वतंत्रता दिवस के इतिहास, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान एवं देश की आजादी के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं प्राचार्या डॉ. मोनिका एलकर ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग एवं बलिदान के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। कार्यक्रम में सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने मिलकर देशभक्ति की भावना को साझा किया। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को मिठाई वितरित की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था की प्राचार्या डॉ. मोनिका एलकर एवं विद्यालय परिवार का विशेष योगदान रहा।


दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता



रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस

मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 9890696200

विज्ञापन संकलन
मो. हासिब खान
जिला सिवनी
संपर्क - मो. 7898530101



जग प्रेरणा live जिला सिवनी
बरघाट, छपारा, केवलारी, घंसौर, लखनादौन, धनोरा एवं संपूर्ण सिवनी जिले की खबरें..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# जर्जर हालत में पहुंची पानी की टंकी को किया गया डिस्मेंटल



जगप्रेरणा छपारा।

***नगर के शंकर मढ़िया के समीप स्थित पीएचई कार्यालय परिसर में करीब 40 वर्ष पहले नगर की पेयजल आपूर्ति के लिए बनाई गई विशाल पानी की टंकी को***

रविवार 16 अगस्त को सुरक्षित रूप से डिस्मेंटल कर दिया गया। जर्जर हालत में पहुंच चुकी इस टंकी को करीब ढाई वर्ष पहले ही हटाने की मंजूरी मिल चुकी थी।

टंकी को डिस्मेंटल करने के लिए प्रशासन द्वारा इस तरह के कार्य में विशेषज्ञ टीम को बुलाया गया था। टीम ने करीब तीन दिनों तक कार्य करने के बाद रविवार दोपहर लगभग 2 बजे सावधानीपूर्वक टंकी को गिराया। कार्रवाई के दौरान नगर परिषद छपारा के उपयंत्री शिवराम इढ़पाचे सहित नगर परिषद का अमला मौके पर मौजूद रहा। सुरक्षा के मद्देनजर टंकी के आसपास के मार्गों पर बैरिकेडिंग कर आमजनों की आवाजाही रोक दी गई थी। साथ ही समीपस्थ रहवासियों एवं दुकान संचालकों को नोटिस जारी कर सुरक्षित दूरी बनाए रखने और प्रतिष्ठानों में सतर्कता बरतने की अपील की गई। ऐहतियात के तौर पर कार्रवाई के दौरान पूरे नगर की विद्युत आपूर्ति भी बंद रखी गई।

प्रशासन एवं नगर परिषद की सतर्कता के चलते जर्जर हो चुकी विशाल पानी की टंकी को बिना किसी अप्रिय घटना के सुरक्षित रूप से डिस्मेंटल करने की कार्रवाई पूरी कर ली गई।

# हर्षोल्लास से महिलाओं ने मनाई हरियाली तीज



जगप्रेरणा सिवनी।

***घंसौर के प्रसिद्ध मां काली मंदिर (कुल्लुधाम) में 15 अगस्त व हरियाली तीज के उपलक्ष्य में हरियाली महोत्सव मनाया गया।***

इसमें क्षेत्र की 30 से अधिक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम की आयोजक श्रीमती बबली कौशले, श्रीमती पुष्पा गोल्हानी, श्रीमती संध्या पटेल और श्रीमती पूजा सेन की मौजदूगी में राष्ट्रगान व श्रीगणेश पूजा वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर तीज झुला के साथ महिलाओं के लिए विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। महिलाओं ने एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य व सुमधुर गायन प्रस्तुत कर कार्यक्रम में समां बांध दिया। सावन पारंपरिक पर्व पर खुशी मनाते हुए सभी महिलाएं हरे रंग के परिधान में सजी नजर आई और उन्होंने पारंपरिक रूप से सावन के झूलों का भरपूर आनंद लिया। यह आयोजन महिलाओं के लिए उल्लास और मनोरंजन से भरा एक यादगार दिन साबित हुआ।

# तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर सड़क किनारे पलटी, एक घायल



जगप्रेरणा सिवनी।

***जिले के बंडोल थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर सड़क किनारे पलट गई। यह हादसा देवरी गांव के समीप दोपहर करीब 2 बजे हुआ।***

दुर्घटना में कार क्षतिग्रस्त हो गई, हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार तेज गति से जा रही थी। देवरी गांव के पास अचानक चालक का वाहन पर नियंत्रण नहीं रहा और कार सड़क से उतरकर पलट गई। दुर्घटना के बाद आसपास मौजूद ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे और कार में फंसे चालक अरविंद यादव (40 वर्ष) को बाहर निकाला।स्थानीय लोगों ने बताया कि जिस स्थान पर यह हादसा हुआ, वहां दिनभर लोगों और वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। ग्रामीणों का मानना है कि यदि दुर्घटना के समय सड़क से कोई अन्य वाहन गुजर रहा होता या आसपास लोग मौजूद होते, तो हादसा अधिक गंभीर हो सकता था। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस द्वारा हादसे के कारणों की जानकारी जुटाई जा रही है। प्रारंभिक तौर पर वाहन की तेज रफ्तार के कारण अनियंत्रित होने की बात सामने आ रही है, हालांकि वास्तविक कारण जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क पर वाहनों की तेज रफ्तार को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने संबंधित विभाग और पुलिस से आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि आबादी और गांवों के आसपास वाहनों की गति नियंत्रित करने के लिए संकेतक, स्पीड ब्रेकर तथा अन्य सुरक्षा इंतजाम किए जाने चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

## युवक घायल, हालत स्थिर..

बंडोल थाना प्रभारी मनोज जंघेला ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि एक कार बेकाबू होकर पलट गई है। उन्होंने पुष्टि की कि एक युवक घायल हुआ है, जिसकी हालत अब स्थिर है। घटनाक्रम की जांच की जा रही है।

# चौरसिया भवन में नाग पंचमी पर हुआ रुद्राभिषेक





जगप्रेरणा सिवनी।

प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी महिला चौरसिया समिति के तत्वावधान में नाग पंचमी का पावन पर्व 'चौरसिया दिवस' के रूप में धूमधाम से मनाया गया। दो दिवसीय कार्यक्रमों के तहत 16 अगस्त (रविवार) को गिरजा कुंड से डोमन गुरु बाबा मंदिर तक एक सामाजिक रैली निकाली गई। चौरसिया भवन में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम और सम्मान समारोह में सामाजिकजनों ने उत्साहपूर्ण भागीदारी की। 17 अगस्त (सोमवार) को नाग पंचमी पर बरघाट रोड रेलवे क्रासिंग स्थित चौरसिया मंगल भवन (राधाकृष्ण नगरी) में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। सुबह 10 बजे से रुद्राभिषेक, विशेष पूजन-हवन के बाद महाप्रसाद वितरण किया गया।

दोपहर से सामाजिक भोज में समाज के सभी लोग एकत्रित होकर प्रसादी ग्रहण किया। चौरसिया समाज के जिलाध्यक्ष मूलचंद चौरसिया और महिला शाखा की अध्यक्ष माधुरी नंदकिशोर चौरसिया ने बताया कि रविवार को गिरजा कुंड हनुमान मंदिर से प्रारंभ हुई रैली में सामाजिक महिला-पुरूषों ने नेहरू रोड के दोनों ओर संचालित प्रतिष्ठानों के दुकानदारों को तिलक लगा पान खिलाया। यह रैली डोमन गुरु बाबा मंदिर बरघाट रोड में समाप्त हुई। वहीं सोमवार को नाग पंचमी के अवसर पर चौरसिया भवन बरघाट रोड में रूद्राभिषेक के बाद विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम और सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें सामाजिकजनों ने उत्साहपूर्ण भागीदारी की। इस दौरान सामाजिकजनों ने मलेशिया में आयोजित 15वीं साइलेंट नाईट इंटरनेशनल कराते चैंपियनशिप में भाग लेकर कांस्य पदक जीतने वाली प्रतिभाशाली खिलाड़ी कु. धरा चौरसिया (6) को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसी तरह राज्य स्तरीय जूनियर बाक्सिंग प्रतियोगिता जबलपुर तथा ग्वालियर में स्वर्ण पदक प्राप्त करने तथा राष्ट्रीय स्तर चयनित होकर सहभागिता करते हुए समाज को गौरांवित करने वाली होनहार खिलाड़ी कुमारी अवनी अरूण चौरसिया को प्रशिस्त पत्र देकर चौरसिया समाज के पदाधिकारियों ने सम्मानित किया।

# आर ओ के डिब्बे किए भेंट




जगप्रेरणा बरघाट।

***स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर नगर परिषद बरघाट के पूर्व अध्यक्ष स्व.श्री***

रंजीत वासनिक जी की द्वितीय पुण्यतिथि पर शासकीय माध्यमिक शाला साल्हे खुर्द (केसला) में कार्यरत अतिथि शिक्षक श्रीमति कल्पना हृदेश त्यागी बरघाट द्वारा शाला के बच्चों के लिए पेय जल हेतु आर ओ के डिब्बे भेंट किए गये समस्त शाला परिवार ने श्रीमति कल्पना हृदेश त्यागी को धन्यवाद प्रेषित किया।

# धूम धाम से मनाया गया नवांकुर सखी हरियाली तीज उत्सव..



जगप्रेरणा सिवनी।

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला सिवनी ब्लॉक सिवनी के जिला समन्वयक राजेंद्र चौधरी के मार्गदर्शन में सेक्टर गोपालगंज की नवांकुर संस्था दिव्य शिक्षा आदर्श समिति एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति गोपालगंज के संयुक्त तत्वधान में हरियाली तीज का कार्यक्रम राधा कृष्ण मंदिर गोपालगंज में मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत राधा कृष्ण मंदिर में योगेश्वर भगवान की पूजा अर्चना कर की गई, तत्पश्चात उपस्थित लगभग 80 महिलाओं ने सामूहिक सुंदर कांड का पाठ किया । उसके पश्चात संस्था की अध्यक्ष श्रीमती माया भलावी ने उपस्थित सखियों को हरियाली तीज पर पर्यावरण संरक्षण पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे मित्र है उनका संरक्षण हमारी जिम्मेदारी ही नहीं हमारा कर्तव्य है। इस हेतु हमें अपने आंगन अथवा खेत की मेडो पर अपने परिवार के सदस्यों के जन्म दिन पर एक पेड़ लगाकर अभियान में अपना सहयोग प्रदान करे।

तत्पश्चात उपस्थित सखियों को आम, जामुन, नीम, मीठी नीम, करंज, जाम, आंवला आदि के पौधे बांटे गए, कार्यक्रम के अंत में प्रस्फुटन समिति गोपालगंज की अध्यक्ष श्रीमती द्रोपती साहू ने सभी का आभार प्रकट किया।

# ग्लोबल लॉ कॉलेज में हुआ स्वतंत्रता दिवस का भव्य आयोजन



जगप्रेरणा सिवनी।

***स्वतंत्रता दिवस की 80वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाई गई, ग्लोबल लॉ कॉलेज में 15 अगस्त 2026 को***

देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता दिवस समारोह अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमा एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकगण, प्रशासनिक स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ श्री रावत एवं महाविद्यालय के **HOD** सलीम सिद्दीकी द्वारा राष्ट्रनायकों एवं महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके पश्चात सलीम सिद्दीकी द्वारा गरिमापूर्ण ध्वजारोहण किया गया।

ध्वजारोहण के उपरांत महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी श्री पुष्पराज के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' एवं राष्ट्रगान 'जन गण मन' का सामूहिक गायन किया गया। इन दोनों प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को राष्ट्रभक्ति और गौरव की भावना से भर दिया। इसके पश्चात कार्यक्रम का कुशल संचालन महाविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर कविता विजौरिया द्वारा किया गया।

समारोह में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, भाषण, नृत्य एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया और पूरे परिसर को देशभक्ति के रंग में रंग दिया।

इस गरिमामय अवसर पर महाविद्यालय के **HOD** सलीम सिद्दीकी, ब्रेजेश भार्गव, कविता विजौरिया, नीति जैन, रानू मैडम, यशिका मैडम, महरिन मैडम, राहुल सर, पुष्पराज सर, मातेश्वरी मैडम, मुबश्शिरा मैडम सहित समस्त शिक्षकगण एवं स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति रही।

साथ ही विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने समारोह को सफल एवं यादगार बनाया। आइए, हम सभी मिलकर अपने राष्ट्र की एकता, अखंडता और गौरव को बनाए रखने का संकल्प लें।

सिवनी मे जगप्रेरणा समाचार पत्र के लिये संपर्क करे..
हसीब मोहम्मद 7898530101

# 108 रक्तवीरों ने रक्तदान कर स्वर्गीय रंजीत वासनिक को दी भावभीनी श्रद्धांजलि




जगप्रेरणा बरघाट।

स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व के दिन 2024 को बरघाट के विकास पुरुष विकास मोर्चा संस्थापक स्वर्गीय रंजीत वासनिक दाऊ पूर्व अध्यक्ष नगर परिषद बरघाट की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर सिविल अस्पताल बरघाट में एक विशाल रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस मानवीय अभियान में नगर एवं क्षेत्र के युवाओं और नागरिकों ने अभूतपूर्व उत्साह दिखाते हुए रंजीत वासनिक को श्रद्धांजलि देकर 108 यूनिट रक्तदान किया नगर बरघाट मे रक्तदान शिविर की शुरुआत दाऊ ने ही किया था एवं अनेकों बार स्वयं भी रक्तदान कर चुके थे।

मासूम बच्चों के लिए विशेष संकल्प यह शिविर केवल रक्त संग्रह का माध्यम नहीं, बल्कि एक जीवनदायी संकल्प का प्रतीक बना। आयोजकों की विशेष पहल के तहत यह निर्णय लिया गया है कि सिकल सेल एवं थैलेसीमिया जैसी गंभीर बीमारियों से पीड़ित नन्हे-मुन्ने बच्चों को आवश्यकता पड़ने पर बिना किसी एक्सचेंज (रक्त के बदले रक्त) के निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही यह रक्त दुर्घटना पीड़ितों और अन्य आपातकालीन मरीजों के इलाज में भी मददगार साबित होगा। युवाओं और समाजसेवियों विकास मोर्चा की एकजुटता शिविर में युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं राजनीतिक हस्तियों ने बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज कराई। रक्तदान महादान शिविर को प्रारंभ करने के पहले श्रीमती संगीता रंजीत वासनिक, विनोद वासनिक, डॉ गजभिए सहित सभी जन ने स्वर्गीय रंजीत वासनिक जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की और रक्तदान कर उन्हें अपनी सच्ची श्रद्धांजलि दी।

सभी रक्तदान वीरों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया विकास मोर्चा बरघाट ने कलम फाउंडेशन, युवा रक्तदान समर्पण टीम, रक्तदान महादान ग्रुप, स्वास्थ्य विभाग बरघाट सहित सभी निस्वार्थ रक्तदाताओं, स्वास्थ्यकर्मियों और प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वाले सभी साथियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। रक्तदान शिविर के समापन के बाद सहारा वृद्धाश्रम सिवनी, नेकी की राह मानसिक विछिप्त लोगों को सिवनी में भोजन कराया गया।

# चलते कंटेनर में लगी भीषण आग, चालक ने वाहन से कूदकर बचाई जान



जगप्रेरणा सिवनी।

***जिले से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर बंजारी घाटी के पास रविवार सुबह करीब 8:30 बजे चलते कंटेनर में भीषण आग लग गई।***

सिवनी से जबलपुर की ओर जा रहे कंटेनर में आग लगते ही चालक ने वाहन को सड़क किनारे रोका और कूदकर अपनी जान बचाई। कुछ ही देर में आग ने पूरे कंटेनर को चपेट में ले लिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग लगने के कुछ ही समय बाद कंटेनर से तेज लपटें उठने लगीं और आसपास धुएं का गुबार फैल गया। इस दौरान कंटेनर से दो बार धमाके जैसी तेज आवाजें भी सुनाई दीं। आवाज सुनकर मौके पर मौजूद लोग सुरक्षित दूरी पर चले गए।

## एनएच-44 पर कुछ समय प्रभावित रहा यातायात..

घटना की सूचना पुलिस और दमकल विभाग को दी गई। आग के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर यातायात भी प्रभावित हुआ। सिवनी-जबलपुर के बीच यह मार्ग व्यस्त होने के कारण जलते कंटेनर को देखने के लिए मौके पर लोगों की भीड़ भी जमा हो गई।

गनीमत रही कि हादसे के दौरान कंटेनर के आसपास कोई दूसरा वाहन या राहगीर मौजूद नहीं था। इससे बड़ा हादसा टल गया। कंटेनर से धमाके जैसी आवाजें आने के कारण मौके पर कुछ समय तक दहशत का माहौल बना रहा।

## आग लगने का कारण जांच के बाद होगा स्पष्ट..

कंटेनर में आग लगने का वास्तविक कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है। प्रारंभिक तौर पर तकनीकी खराबी या किसी अन्य वजह से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस और दमकल विभाग ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने और स्थिति को नियंत्रित करने की कार्रवाई की। आग से कंटेनर को भारी नुकसान हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा
वारासिवनी, कटंगी, लालबर्रा, बैहर, मलाजखंड, परसवाड़ा..
रामपायली, खैरलांजी, तिरोड़ी, महकेपार, उकवा, गढ़ी, बिरसा, कनकी, बेहरई..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

## अधिवक्ता बार रूम में हर्षोल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवस

# न्यायिक अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं की गरिमामय उपस्थिति, देशभक्ति गीतों व ओजस्वी प्रस्तुतियों ने बांधा समां..

कैलाश कसार सोनी, जगप्रेरणा वारासिवनी।





स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर सिविल कोर्ट परिसर स्थित अधिवक्ता बार रूम में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारियों, वरिष्ठ अधिवक्ताओं एवं अधिवक्ताओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। समारोह के दौरान देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक एवं बौद्धिक प्रस्तुतियों ने उपस्थितजनों में राष्ट्रप्रेम की भावना को और प्रबल किया।

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्रशेखर भगत द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसके पश्चात उपस्थित न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं अतिथियों ने राष्ट्रगान में सहभागिता की। अधिवक्ता संतोष लिल्हारे ने देशभक्ति गीत 'वंदे मातरम्' की प्रस्तुति देकर वातावरण को राष्ट्रभक्ति से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन अभिजीत शुक्ला ने किया।

### देशभक्ति गीतों से गूंजा बार रूम

समारोह में अधिवक्ताओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक एवं देशभक्ति प्रस्तुतियां दी गई। अधिवक्ता संतोष लिल्हारे ने 'सोने की चिड़िया करती है बसेरा' एवं 'भारत देश है मेरा' जैसे देशभक्ति गीतों की मधुर प्रस्तुति देकर उपस्थितजनों की खूब वाहवाही बटोरी। वहीं अधिवक्ता जाकिर हुसैन ने 'काले-काले जुल्फों वाले' गीत की दिलकश प्रस्तुति दी, जिसे श्रोताओं ने सराहा।

### शाहिद खान ने रखा वारासिवनी के स्वतंत्रता संग्राम का गौरवशाली इतिहास

अधिवक्ता शाहिद खान ने अपने विस्तृत एवं प्रभावशाली उद्बोधन में वारासिवनी एवं आसपास के क्षेत्र के स्वतंत्रता संग्राम के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए स्थानीय स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, संघर्ष, साहस और बलिदान को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि देश की आजादी का इतिहास केवल राष्ट्रीय स्तर के बड़े नेताओं के संघर्ष तक सीमित नहीं है, बल्कि वारासिवनी जैसे छोटे शहरों और ग्रामीण अंचलों के अनेक वीरों ने भी स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

उन्होंने कहा कि आज हम जिस स्वतंत्रता की खुली हवा में सांस ले रहे हैं, उसके पीछे असंख्य ज्ञात-अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों का त्याग और संघर्ष छिपा हुआ है।

खान ने वारासिवनी के स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े पुरुषोत्तम लाल भुस्कुटे, कन्हैयालाल भुस्कुटे, शांतिलाल सेठ, मोहनलाल, धन्नूलाल, चुन्नीलाल, कस्तूरचंद वर्मा, भोजजी कलाई, कामरेड रामप्रसाद पाठक, मेक पहलवान मेहंदीवाला, कामरेड सत्तार खान, रुद्रजी बिसेन, राधाकिशन मिश्रा और बुद्धूलाल मराठे सहित अन्य लोगों के योगदान का उल्लेख किया।

उन्होंने बताया कि शांतिलाल सेठ उस दौर में बैटरी और एरियल की मदद से रेडियो चलाकर लोगों तक देश और दुनिया की खबरें पहुंचाते थे। वहीं कस्तूरचंद वर्मा लगभग 18 वर्षों तक नगर पालिका के प्रेसिडेंट रहे और वारासिवनी की नगर रूपरेखा को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके प्रयासों में बगीचा, अस्पताल, जनपद, कमला नेहरू स्कूल और धर्मशाला जैसी व्यवस्थाओं की कल्पना एवं विकास का उल्लेख मिलता है।

उन्होंने भोजजी कलाई, जो शिक्षक थे, के स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान को भी याद किया। साथ ही बताया कि अधिवक्ता पंकज पिपरेवार के दादाजी स्व. फकीर साव पिप्रेवार एवं उनके सुपुत्र स्व. शंकर साव पिप्रेवार के अतुलनीय त्याग और संघर्ष को भी स्मरण किया गया। उन्होंने बताया कि पंकज पिपरेवार के पिताजी महज 10 वर्ष की उम्र में आंदोलन से जुड़े संदेश ले जाते हुए पकड़े गए थे, जो उस समय के संघर्ष और साहस को दर्शाता है।पवार समाज के रुद्रजी बिसेन, जिन्हें अधिवक्ता भैयालाल बिसेन के बड़े पिताजी के रूप में बताया गया, के योगदान को भी उन्होंने स्मरण किया।

आंदोलन के चरम दौर में राधाकिशन मिश्रा अपने ओजस्वी वक्तव्यों से लोगों में राष्ट्रप्रेम और संघर्ष की भावना जगाते थे। वहीं बुद्धूलाल मराठे, जिनका कद लगभग 6 फीट 5 इंच बताया जाता है, हाथ में कत्ता लेकर आंदोलन की पहली पंक्ति में खड़े रहते थे और अपने साहस के कारण लोगों के बीच 'शेर' के रूप में प्रसिद्ध थे।शाहिद खान ने लालबर्रा की स्वतंत्रता सेनानी कारी बाई लोधी के संघर्ष का भी उल्लेख किया।

उन्होंने बताया कि अंग्रेजी शासन के दौरान कारी बाई लोधी को अमानवीय यातनाएं दी गई, लेकिन उन्होंने अत्याचारों के सामने झुकने के बजाय स्वतंत्रता आंदोलन के प्रति अपना संघर्ष जारी रखा। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्वतंत्रता सेनानियों का इतिहास हमारी आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचना चाहिए। स्वतंत्रता दिवस केवल ध्वजारोहण और उत्सव का दिन नहीं, बल्कि उन वीरों को याद करने और उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का अवसर है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया।

### अन्य अधिवक्ताओं ने भी रखे विचार

अधिवक्ता स्वप्निल डोंगरे ने अपनी मर्मस्पर्शी शायरी के माध्यम से देश की आजादी के लिए संघर्ष एवं बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धापूर्वक याद किया। वहीं अधिवक्ता विलास मिश्रा ने अपने ओजस्वी संबोधन के माध्यम से स्वतंत्रता के महत्व, राष्ट्रप्रेम एवं देश के प्रति नागरिकों के दायित्व पर विचार व्यक्त किए। वरिष्ठ अधिवक्ता आई. डी. टेमरे ने भी 15 अगस्त के महत्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, संघर्ष एवं बलिदान को स्मरण किया तथा राष्ट्र की एकता एवं अखंडता बनाए रखने का आह्वान किया। अधिवक्ता राम बिहारी शुक्ला ने भी अपने ओजस्वी वक्तव्य के माध्यम से स्वतंत्रता दिवस के महत्व एवं राष्ट्र के प्रति नागरिकों के कर्तव्यों पर प्रकाश डाला।

समारोह के दौरान न्यायालयीन कर्मचारी द्वारा भी देशभक्ति गीत की शानदार प्रस्तुति दी गई, जिसे उपस्थितजनों ने सराहा और तालियों के साथ उत्साहवर्धन किया।

### द्वितीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय राज ठाकुर का संबोधन

द्वितीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री संजय राज ठाकुर ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्र सेवा के लिए केवल सीमाओं पर जाना ही आवश्यक नहीं है, बल्कि हम जिस स्थान पर कार्यरत हैं, वहीं पूरी निष्ठा और समर्पण से अपने कर्तव्यों का पालन करना ही सच्ची देशभक्ति है।उन्होंने एक प्रेरक लघु कथा का उदाहरण देते हुए बताया कि कक्षा समाप्त होने के बाद जब एक बच्चे ने अनावश्यक रूप से जलती लाइटें और पंखे बंद कर दिए, तो वह भी देशभक्ति का एक सुंदर रूप था। उन्होंने कहा कि देशभक्ति हमारे दैनिक जीवन के छोटे-छोटे जिम्मेदाराना कार्यों में भी दिखाई देती है।न्यायाधीश श्री ठाकुर ने अधिवक्ताओं और न्यायिक तंत्र के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि न्यायपालिका पीड़ितों की आवाज सुनने और उनके दुख-दर्द को कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से दूर करने का पवित्र स्थान है। ईश्वर द्वारा सौंपी गई इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाना ही हमारी सबसे बड़ी राष्ट्र सेवा है। उन्होंने उपस्थित सभी अधिवक्ताओं एवं न्यायिक कर्मियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

### न्यायिक अधिकारियों की रही गरिमामय उपस्थिति

समारोह में मंचासीन प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश कमलेश मीणा, द्वितीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय राज ठाकुर, अतिरिक्त न्यायाधीश (प्रथम जिला एवं सत्र न्यायालय) श्रीमती कविता इवनाती, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड श्रीमती दिव्या सिंह, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड ऋषभ डोनेल सिंह, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड श्रीमती नेहा बाथरी, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड नयन जैन एवं तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड श्रीमती अंकिता जैन सहित न्यायिक अधिकारी एवं अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर उपस्थित न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं अतिथियों ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए देश की एकता, अखंडता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

### अध्यक्ष संदीप नागपुर ने जताया आभार

कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अधिवक्ता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप नागपुर ने सभी न्यायिक अधिकारियों, वरिष्ठ अधिवक्ताओं, अधिवक्ताओं एवं उपस्थित अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग एवं बलिदान को स्मरण करने का दिन है।

उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी अधिवक्ताओं एवं सहयोगियों का भी हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया कार्यक्रम की सफलता में उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना बनोटे, सचिव अभिजीत शुक्ला, सहसचिव शैलेष पाठक, कोषाध्यक्ष श्रीमती अनामिका शुक्ला एवं ग्रंथपाल संदेश इंदुरकर का विशेष सहयोग रहा।साथ ही कार्यकारिणी सदस्य रितेश कुमार शुक्ला, मनोज कुमार दमाहे, महेन्द्र नगपुरे, शिशुपाल पारधी, मुकेश पटले, कचरूलाल पंचतिलक, अजय कुमार डहाके, श्रीमती भुवनेश्वरी सोनकुसरे, श्रीमती रीना मरार एवं सुश्री मनीषा जायसवाल का भी कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

# हम फाउंडेशन भारत के तत्वाधान में वारासिवनी उपजेल में किया गया वृक्षारोपण..





जगप्रेरणा वारासिवनी।

भारतीय स्वाधीनता दिवस के 80वें दिवस के अवसर पर हम फाउंडेशन भारत शाखा वारासिवनी के द्वारा वारासिवनी उप जेल में परिसर में 51 फ़लदार एवं अन्य प्रजाति के पौधे रोपण किए गए।

जिसके तहत वारासिवनी शाखा और बालाघाट शाखा सहयोग द्वारा आज 51 नग फलदार एवं अन्य प्रजाति के पौधे जिले में लगातार वृक्षारोपण करने वाली कदम संस्था के तरफ से प्रदान किए गए थे जिन्हें जेल परिसर में जेलर कुमारी अंजू गोस्वामी जी के उपस्थिति में फाउंडेशन के सभी सदस्यों की उपस्थिति में जेल के समस्त अधिकारी की उपस्थिति में लगाए गए। ज्ञात रहे की 2 वर्ष पूर्व भी हम फाउंडेशन द्वारा जेल परिसर में वृक्षारोपण किया गया था जेल के भीतर आर वो वॉटर की पाइपलाइन टंकी और दो कैदी को जुबान राशि पटा कर रिहा करवाने का काम हम फाउंडेशन ने किया था। इन सामाजिक और सांस्कृतिक तथा प्राकृतिक कार्यों के लिए जेलर अंजू गोस्वामी जी ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। आज के वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य रूप से जेलर अंजूलता गोस्वामी जी प्रदेश के महासचिव युनूस खान प्रांत के ग्राम विकास प्रमुख संतोष असाटी जिले के अध्यक्ष शाम कौशल महामंत्री नितिन जैन वारासिवनी शाखा के अध्यक्ष विक्की एड़े जिला सुभाष गुप्ता राजेश गांधी मोइज सैफी अंसार खान नन्ने भाई रूपाली राव शिल्पा रावत खुर्शीद कुरेशी प्रेमचंद सेवईवार मोनू खंडेलवाल राहुल खंडेलवाल अजय रामचंदानी राजेश पटेल जय बिसेन गुड्डा जैन गुणेश कटरे जेल प्रहरी लक्ष्मीकांत जी एवं समस्त स्टॉप गण शामिल होकर सामूहिक वृक्षा रोपण किया गया।

# बाघ के हमलों पर राजनीति नहीं, ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए एकजुट हों: दलसिंह पन्द्रे



जगप्रेरणा बालाघाट।

क्षेत्र में लगातार सामने आ रहे बाघ के हमलों को लेकर जिला पंचायत सदस्य दलसिंह पन्द्रे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि कुमादेही से लगे पर्रापुर में कुछ दिन पहले बाघ के हमले में सुगनी बाई की मौत हो गई। इसके बाद मोहगांव निवासी युवक रामकुमार पर भी बाघ ने हमला कर उसे घायल कर दिया। लगातार हो रही घटनाओं से वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणों में भय का माहौल है।

श्री पन्द्रे ने कहा कि पहले बाघ के हमले मवेशियों तक सीमित थे, लेकिन अब इंसानों को निशाना बनाए जाने की घटनाएं सामने आ रही हैं। जंगल और खेतों के आसपास पशु चराने वाले ग्रामीणों के साथ-साथ खेती-किसानी करने वाले किसानों की सुरक्षा भी चिंता का विषय बन गई है। उन्होंने कहा कि सुगनी बाई की मौत और उसके बाद रामकुमार पर हुए हमले ने स्थिति की गंभीरता को स्पष्ट कर दिया है।

### विधायक ने पीड़ित परिवारों से की मुलाकात

जिपं दलसिंह पन्द्रे ने कहा कि घटनाओं की जानकारी मिलने के बाद विधायक मधु भगत पीड़ित परिवारों से मिलने उनके घर पहुंचे और उनका हाल जाना। उन्होंने कहा कि विधायक ने ग्रामीणों की चिंता को देखते हुए वन विभाग को व्यवस्थाएं दुरुस्त करने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की बात कही थी।

उन्होंने कहा कि विधायक का उद्देश्य ग्रामीणों को भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराना था। यदि प्रशासन इसके बावजूद नहीं जागता है तो ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए आगे ठोस कदम उठाने की जरूरत होगी।

### आरोप-प्रत्यारोप के बजाय समाधान पर हो चर्चा

श्री पन्द्रे ने कहा कि बाघ के हमलों का मुद्दा किसी एक राजनीतिक दल का नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की जनता की सुरक्षा से जुड़ा है। सभी जनप्रतिनिधियों और राजनीतिक दलों को एकमत होकर प्रशासन से प्रभावी कार्रवाई की मांग करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से ग्रामीणों की सुरक्षा जैसे गंभीर मुद्दे पर भी आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति हो रही है।

सत्ता पक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि यदि उन्हें जनता और देश के मुद्दों की इतनी ही चिंता है तो बालाघाट में सामने आए चावल कांड और पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण जैसे मुद्दों पर भी सार्वजनिक रूप से अपनी बात रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वनांचल के ग्रामीणों की पीड़ा को समझते हुए विधायक मधु भगत ने वन विभाग के अमले को व्यवस्थाएं सुधारने की बात कही तो कुछ लोगों को यह बात नागवार गुजर रही है।

### 'जनता की भलाई के लिए उठी आवाज का साथ दें'

जिपं दलसिंह पन्द्रे ने कहा कि जिन लोगों को विधायक के बयान से पीड़ा हुई है, उनसे कहना चाहता हूं कि इसे राजनीतिक विवाद न बनाएं। उन्होंने कहा कि जो जनप्रतिनिधि जनता की सुरक्षा और भलाई के लिए आवाज उठा रहा है, उसका साथ दिया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि यह पूरे क्षेत्र की समस्या है और इसका समाधान भी सभी को मिलकर निकालना होगा। आरोप-प्रत्यारोप के बजाय प्रशासन पर दबाव बनाया जाए, ताकि बाघ के हमलों पर प्रभावी नियंत्रण हो और ग्रामीण भयमुक्त होकर अपने खेतों में काम तथा पशुओं को चराने जा सकें।

# समरिया में निकली नवांकुर सखी हरियाली यात्रा, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश..

अजय रजक, जगप्रेरणा गढ़ी।





मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, जिला बालाघाट, विकासखंड बैहर के सेक्टर क्रमांक-05 अंतर्गत ग्राम समरिया में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों में पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण एवं पौधों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करना रहा। हरियाली यात्रा का शुभारंभ ग्राम पंचायत भवन समरिया से किया गया।

नवांकुर सखियों ने कलश लेकर यात्रा निकाली तथा पूरे ग्राम में पर्यावरण संरक्षण से संबंधित जागरूकता एवं देशभक्ति के नारों के माध्यम से ग्रामीणों को प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। यात्रा के दौरान ग्रामीणों में पौधरोपण के प्रति उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था प्रमुख अमित पाटिल द्वारा नवांकुर सखियों को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की आगामी योजनाओं एवं गतिविधियों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल किसी एक व्यक्ति या संस्था की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक को इसमें अपनी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने सभी से अपील की कि ÷प्रत्येक परिवार कम से कम एक पौधा अपने घर में अवश्य लगाए और उसकी नियमित देखभाल एवं सुरक्षा भी सुनिश्चित करे।÷

इस अवसर पर ग्राम पंचायत समरिया की सरपंच श्रीमती अनीता धुर्वे, सचिव मिलिन्द पिवहरे ,ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष शीतल सिंह धुर्वे, ग्राम पंचायत गढ़ी की सरपंच सुश्री रोशनी मेरावी, स्टाफ नर्स पायल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता एवं समिति सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान नवांकुर संस्था प्रगति ग्राम जन विकास समिति गढ़ी द्वारा नवांकुर सखियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करने हेतु 50 पौधों का निःशुल्क वितरण किया गया।

पौधों को अपने घर एवं आसपास रोपित कर उनकी देखभाल करने का संकल्प भी दिलाया गया। कार्यक्रम के अंत में ग्राम पंचायत समरिया परिसर में सामूहिक वृक्षारोपण किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों, नवांकुर सखियों एवं ग्रामीणों ने पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

नवांकुर सखी हरियाली यात्रा ने ग्राम समरिया में पर्यावरण संरक्षण और जनभागीदारी का सकारात्मक संदेश देते हुए यह संकल्प मजबूत किया कि ÷हर घर एक पौधा–हर पौधे की सुरक्षा, तभी सुरक्षित रहेगा हमारा पर्यावरण और भविष्य।÷

# आम्बेडकर चौक खमरिया में किया गया ध्वजारोहण

जगप्रेरणा खमरिया/लालबर्रा।





*जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत ग्राम पंचायत खमरिया आम्बेडकर चौक में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व सरपंच श्रीमति लक्ष्मी वाघाडे के द्वारा ध्वजारोहण कर झंडे को सलामी दी गई।*

सर्वप्रथम डॉ0 भीमराव आम्बेडकर व भगवान गौतम बुद्ध के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया गया। एवं ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान किया गया। और झंडे को सलामी दी गई।

इस अवसर पर ग्राम के समस्त वरिष्ठजन एवं समस्त गणमान्य व शाला के शिक्षक-शिक्षिकाये छात्र छात्राएं एवं ग्राम के समस्त नागरिक बंधु उपस्थित रहे।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433





जग प्रेरणा live देश विदेश
भारत, पाकिस्तान, नेपाल, भूटान, अमेरिका, ब्रिटेन, ईरान, चीन, जापान आदि की खबरें..



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433


# ग्रामीण विकास को मिली नई गति, चाकाहेटी एवं मोहगांव घाट में अटल सुशासन भवनों का लोकार्पण

जगप्रेरणा कटंगी।

*तिरोड़ी तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत चाकाहेटी एवं खैरलांजी तहसील के ग्राम मोहगांव घाट में नवनिर्मित अटल सुशासन भवनों के लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किए गए।*

कार्यक्रम में कटंगी-खैरलांजी विधायक श्री गौरव सिंह पारधी ने सहभागिता कर दोनों नवनिर्मित पंचायत भवनों का लोकार्पण किया।







## पंचायत स्तर पर सुविधाओं को मिलेगा विस्तार

लोकार्पण अवसर पर विधायक श्री गौरव सिंह पारधी ने कहा कि नवनिर्मित अटल सुशासन भवन ग्राम पंचायत के प्रशासनिक कार्यों को अधिक सुगम, व्यवस्थित और प्रभावी बनाने के साथ ही ग्रामीणों को पंचायत स्तर पर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक प्रभावी रूप से पहुंचाने और स्थानीय स्तर पर प्रशासनिक व्यवस्थाओं को मजबूत करने में ऐसे भवन महत्वपूर्ण साबित होंगे।

## विकास कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प

विधायक श्री पारधी ने कहा कि ग्रामवासियों की सुविधा और क्षेत्र के समग्र विकास के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के साथ ही विकास कार्यों को गति देना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि विकास की यह यात्रा इसी तरह निरंतर आगे बढ़ती रहे, यही संकल्प है।

## चाकाहेटी में जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की रही सहभागिता

ग्राम पंचायत चाकाहेटी में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में सरपंच देवेन्द्र मरकवाडे, उपसरपंच नरेंद्र कठोते, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कविता अरविंद देशमुख, जिला पंचायत सदस्य प्रियंका परतें, जनपद सदस्य चमन डोगरवार, पूर्व नगर परिषद कटंगी अध्यक्ष मेष देशमुख, भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेश सोनवाने, जन भागीदारी अध्यक्ष सुरेश ठाकुर, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष प्रकाश सोनवाने, भाजपा महामंत्री मोरेश्वर नागवंशी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य चम्पुलाल उईके, दीपचंद बिठले, राधेश्याम मडलेकर सहित जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## मोहगांव घाट में भी उत्साह के साथ हुआ लोकार्पण

वहीं खैरलांजी तहसील के ग्राम मोहगांव घाट में नवनिर्मित अटल सुशासन भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में विधायक श्री गौरव सिंह पारधी ने भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि यह भवन पंचायत के प्रशासनिक कार्यों को व्यवस्थित करने के साथ ही ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं पंचायत संबंधी सेवाओं का लाभ स्थानीय स्तर पर सहजता से उपलब्ध कराने में उपयोगी साबित होगा। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष खुशबू गिरीश बिसेन, जिला पंचायत सदस्य प्रकाश उके, जनपद सदस्य आलोक पाटिल, भाजपा जिला मंत्री अरुणा गजभिए, राजेंद्र देशमुख, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिपेश्वरी लिल्हारे, पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष तेजलाल चौधरी, सरपंच दुर्गेश पारधी सहित भाजपा कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत उकवा में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस..

## ध्वजारोहण कर लिया राष्ट्र की एकता, अखंडता और देशहित का संकल्प..

संजना मोनू बर्वे, जगप्रेरणा उकवा।





स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत उकवा सहित पूरे उकवा क्षेत्र में 15 अगस्त का राष्ट्रीय पर्व हर्षोल्लास, उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। जगह-जगह ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान नागरिकों ने राष्ट्रध्वज को सलामी देकर स्वतंत्रता संग्राम के वीर शहीदों एवं महापुरुषों को नमन किया तथा राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया। ग्राम पंचायत उकवा में प्रातः 7:30 बजे सरपंच श्रीमती रामबती उइके द्वारा महात्मा गांधी एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना कर ध्वजारोहण किया गया। इसके पश्चात राष्ट्रगान हुआ और भारत माता की जय के नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। कार्यक्रम के बाद स्कूली बच्चों द्वारा देशभक्ति नारों के साथ रैली निकाली गई।

वहीं बस स्टैंड उकवा में जनपद सदस्य श्रीमती रीता फुलोंके द्वारा ध्वजारोहण किया गया। पुरानी चौकी के सामने ग्राम पंचायत उकवा के उपसरपंच श्री शिवशंकर तिवारी ने राष्ट्रध्वज फहराया। इसके अलावा सूर्या ग्राउंड उकवा में भी ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## वीर शहीदों के बलिदान को कभी नहीं भूलना चाहिए : रामबती उइके

इस अवसर पर ग्राम पंचायत उकवा की सरपंच श्रीमती रामबती उइके ने समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश की आजादी हमें अनेक वीर सपूतों के त्याग, तपस्या और बलिदान से प्राप्त हुई है। हमें स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को सदैव याद रखते हुए राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को बनाए रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करते हुए देश के विकास में योगदान देना चाहिए।

## देशहित में जिम्मेदारी निभाना हम सभी का कर्तव्य : शिवशंकर तिवारी

ग्राम पंचायत उकवा के उपसरपंच श्री शिवशंकर तिवारी ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वतंत्रता हमारे देश के वीर शहीदों के संघर्ष और बलिदान का परिणाम है। आजादी की इस विरासत को सुरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हमें आपसी भाईचारा, सद्भाव और एकता बनाए रखते हुए देशहित में अपने कर्तव्यों का पूरी ईमानदारी से पालन करना चाहिए। उन्होंने युवाओं और विद्यार्थियों से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने तथा शिक्षा, अनुशासन और संस्कारों के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

## जनप्रतिनिधि ग्रामीणजन एवं शिक्षक रहे उपस्थित

कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती रामबती उइके, उपसरपंच श्री शिवशंकर तिवारी, जनपद सदस्य रीता जितेन्द्र फुलोंके पंच जेक्शन सरभांग, सुमित बांगरे, रमेश कुमरे, हरीश मेरावी, किस्टोचरण कहर, संजय अग्रवाल, उत्कल नंदा, ललिता रौतिया, प्रमिला मेश्राम, आरती भारद्वाज, रीना जीजोतिया, सविता सोना, सविता चौकसे, संजीव अग्रवाल, परमानंद पारधी, सहायक सचिव प्रीति सहारे, डॉ. बी.एल. ठाकरे, जनदिन सरभांग, राजेंद्र पांडे, सुमित्रा मेश्राम, मनोज बघेल, अशोक जीजोतिया, मुकेश निर्मलकर, कौशिक बाग, गंगाराम कोरी, लक्ष्मी गोनेकर, प्रहलाद चौधरी, नैनसिंह उइके, शिवराम झरिया, यशवंत शरणागत, सोनबती मरावी, हीरालाल वरकड़े, कपूरचन्द्र बोम्प्रे, हेमंत बर्वे, लालचंद बर्वे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इसके साथ ही शासकीय कन्या माध्यमिक शाला उकवा एवं शासकीय माध्यमिक शाला उकवा के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, तहसील कार्यालय के कर्मचारी तथा उकवा क्षेत्र के पत्रकार बंधु भी कार्यक्रम में शामिल हुए। पूरे कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति का माहौल बना रहा और उपस्थित लोगों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा का संकल्प लिया।

# श्रावण मास में शीतला माता मंदिर रजेगांव में अखंड रामायण पाठ का आयोजन..

## भक्तिमय हुआ मंदिर परिसर, बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालुओं ने की सहभागिता..

अमन राउत, जगप्रेरणा रजेगांव।

*श्रावण मास के पावन अवसर पर ग्राम रजेगांव स्थित प्राचीन शीतला माता मंदिर में अखंड रामायण पाठ का धार्मिक आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालुओं* ने पहुंचकर अखंड रामायण पाठ में सहभागिता की और माता के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। शीतला माता मंदिर रजेगांव के सबसे प्राचीन एवं आस्था के प्रमुख केंद्रों में से एक माना जाता है। मंदिर के प्रति ग्रामीणों की गहरी श्रद्धा और आस्था बनी हुई है। वर्षभर यहां विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं, जिनमें ग्रामीणजन बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। श्रावण मास में आयोजित अखंड रामायण पाठ के चलते मंदिर परिसर में विशेष धार्मिक माहौल देखने को मिला।





अखंड रामायण पाठ के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम के आदर्शों और रामायण की शिक्षाओं का श्रवण किया। मंदिर परिसर में भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का वातावरण बना रहा। आयोजन में महिला, पुरुष, बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष सुनील कुथे सहित मुन्ना हिंगे, विजय कुथे, सद्दाम गोंदुड़े, दिनेश भोयर एवं संतोष फुंडे सहित समिति के सदस्यों और ग्रामीणों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा एवं धार्मिक कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित किया गया।

ग्रामीणों का कहना है कि शीतला माता मंदिर केवल पूजा-अर्चना का स्थल ही नहीं, बल्कि ग्राम रजेगांव की धार्मिक परंपरा, संस्कृति और सामूहिक आस्था का प्रमुख केंद्र है। ऐसे धार्मिक आयोजनों से गांव में आपसी भाईचारा, सद्भाव और आध्यात्मिक वातावरण को बढ़ावा मिलता है।


ग्राम पंचायत मोहगांव (बो.)
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की कोटि कोटि बधाईयां..
दुर्गा सिंहमारे सरपंच
शुभेच्छु
यशवंत रंगारे सचिव
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत मोहगांव (बो.), लालबर्रा

ग्राम पंचायत जाम
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की कोटि कोटि बधाईयां..
सुरेन्द्र बलोने सरपंच
शुभेच्छु
डीजनलाल दशरिये सचिव
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत जाम, लालबर्रा

ग्राम पंचायत धपेरा
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की कोटि कोटि बधाईयां..
श्रीमती ललिता साधुलाल कवास सरपंच
शुभेच्छु
परसराम पटले सचिव
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत धपेरा, लालबर्रा

ग्राम पंचायत नेवरगांव (वा.)
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की कोटि कोटि बधाईयां..
श्रीमती डिलेश्वरी प्रमोद हनवत सरपंच
शुभेच्छु
डीजनलाल दशरिये सचिव
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत नेवरगांव (वा.), लालबर्रा

15 अगस्त की हार्दिक शुभकामनाएं!
आइए, इस स्वतंत्रता दिवस पर हम सब मिलकर देश की एकता, अखंडता और विकास के लिए संकल्प लें।
ग्राम पंचायत खैरलांजी
जनपद पंचायत परसवाड़ा
सरपंच श्रीमती कमलावती ईनवाती
सचिव श्री कुलदीप टेकाम
रोजगार सहायक श्री प्रवीण पुप्साम
सभी ग्रामवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

ग्राम पंचायत रानीकुठार
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की कोटि कोटि बधाईयां..
श्रीमती ज्योति विनोद टाकरे सरपंच
शुभेच्छु
केशव मोहबे सचिव
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत रानीकुठार, लालबर्रा

ग्राम पंचायत देवरी
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की कोटि कोटि बधाईयां..
श्रीमती परमिला मुन्नालाल पटले सरपंच
शुभेच्छु
बसंत चौरे सचिव
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत देवरी, लालबर्रा

ग्राम पंचायत मिरेगांव
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की कोटि कोटि बधाईयां..
श्रीमती काजल हेमंत कुर्वेती सरपंच
शुभेच्छु
रीता कानतोडे सचिव
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत मिरेगांव, लालबर्रा

ग्राम पंचायत बेहरई
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की कोटि कोटि बधाईयां..
श्रीमती शारदा दिलीप टेभरे सरपंच
शुभेच्छु
मनोज चौहान सचिव
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत बेहरई, लालबर्रा

ग्राम पंचायत टेकाडी (ला.)
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की कोटि कोटि बधाईयां..
श्रीमती पार्वती रामसहाय गाडेश्वर सरपंच
शुभेच्छु
भीमराव डोंगरे सचिव
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत टेकाडी (ला.), लालबर्रा

ग्राम पंचायत नेवरगांव डोंगरिया
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की कोटि कोटि बधाईयां..
श्रीमती हस्तरेखा देवदास वारके सरपंच
शुभेच्छु
विपतसिंह कुमरे सचिव
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत नेवरगांव, लालबर्रा

ग्राम पंचायत लेंडेझरी
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की कोटि कोटि बधाईयां..
श्रीमती संध्या संजय बिसेन सरपंच
शुभेच्छु
सूरजलाल शिव सचिव
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत लेंडेझरी, लालबर्रा



जग प्रेरणा

# खेल मनोरंजन

खेल जगत एवं बॉलीवुड व हॉलीवुड की खबरें..



## उल्लास पूर्वक मनाया गया यूनिवर्सल में स्वतंत्रता दिवस..



जगप्रेरणा लांजी।

*यूनिवर्सल ज्ञानदीप शिक्षण एवं जन कल्याण समिति लांजी द्वारा संचालित यूनिवर्सल कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट के प्रांगण में 15 अगस्त 2026 को देश का 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया।*

कार्यक्रम में संस्था के कार्यकारी संचालक रमेश आसटकर ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था संचालिका रेखा आसटकर ने की। इस अवसर पर विशेष अतिथि धनीराम सोनवाने, मानकर, डॉ. प्रविण बैस, नंदकिशोर रामटेक्कर, राजू कुशले, अमित हेजिब, सुनील रामटेक्कर, महेंद्र सातपुते सहित यूनिवर्सल ज्ञानदीप समिति के अध्यक्ष नरेश आसटकर, सदस्य संजीव कुमार सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। संस्था के शिक्षक देवेंद्र क्षीरसागर, भानुप्रताप प्रजापति, राजेश गजभिये एवं शिक्षिका श्रुति चौहान की उपस्थिति रही।

### विद्यार्थियों को प्रदान किए डिप्लोमा..

स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान बड़ी संख्या में वर्तमान एवं पूर्व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल से विभिन्न पाठ्यक्रम पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय से प्राप्त डिप्लोमा अतिथियों द्वारा प्रदान किए गए। इनमें संजना नेवारे, आकांक्षा कोठारे, श्रुति सुधीर चौहान, काजल लिल्हारे तथा विनय पशीने, चंदन यादव, दुर्गेश सिरामे, कार्तिक घोरमारे एवं नयन सिंह राठौर शामिल रहे।

### राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य करने का आह्वान..

समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. प्रविण बैस ने कहा कि 15 अगस्त 1947 को देश ने लंबे संघर्ष के बाद गुलामी की बेड़ियों को तोड़कर आजादी का नया सवेरा देखा था। स्वतंत्रता दिवस प्रत्येक भारतीय के हृदय में गर्व, उत्साह और देशभक्ति की भावना का संचार करता है। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति और मजबूत भविष्य के लिए प्रत्येक नागरिक को सदैव राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए।

अंत में संस्था की अध्यक्ष रेखा आसटकर ने सभी अतिथियों, विद्यार्थियों एवं उपस्थितजनों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। समारोह देशभक्ति और उत्साह के वातावरण में संपन्न हुआ।

## देवलगांव में श्री राम चरित मानस पाठ का हुआ समापन

## मेरा गाँव मेरा परिवार के संदेश से बताया समग्र विकास की परिकल्पना..





जगप्रेरणा लांजी।

*अखण्ड श्री राम चरित मानस पाठ कार्यक्रम लांजी किरनापुर क्षेत्र में ग्राम देवलगांव के बाजार चौक में स्थानीय नागरिकों के सहयोग से एवं ग्राम समितियो के द्वारा अखण्ड श्री रामचरित मानस पाठ समिति एवं अभिनंदन लाइफ फाउंडेशन के सहयोग से ग्राम टेमनी में 16 अगस्त 2026 से शुभारभ एवं 17 अगस्त 2026 को विश्रांति के साथ गांव में, स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया।*

जिसमें 245 लोगो ने जांच किया और दवाई प्राप्त किया और निःशुल्क मोतियाबिंद नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया जिसमें 185 लोगो ने जांच किया और 40 लोग मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित हुए जिनका निःशुल्क स्वास्थ सेवा प्रदान किया जाएगा। श्रद्धा, सेवा और जनजागरण का अद्भुत संगम देखने को मिला। अखण्ड श्री रामचरित मानस पाठ के पावन आयोजन के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता, सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान, बच्चों की प्रतिभा विकास तथा नशा मुक्ति जनजागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### नगर यात्रा के साथ भव्य मानस पाठ शुभारभ..

16 अगस्त को मानस पाठ कार्यक्रम स्थल देवलगांव बाजार चौक में यात्रा गांव के भ्रमण कर गांव में ही राधे कृष्णा मंदिर पहुंची रास्ते भर । बैंड बजे के साथ राम आयेंगे संगीत के साथ नगर भ्रमण हुआ,लोगो का प्रेम विश्वास देखते बनता था।

### योग साधना शिविर जीवन है अनमोल मेरा स्वस्थ मेरी जिम्मेदारी..

ग्राम देवलगांव में योग शिविर प्रशिक्षित शिक्षक शैलेंद्र बड़ाई के द्वारा योग शिविर आयोजित किया गया जिसमें बच्चों को योग शिविर किया और युवा को वरिष्ठों को योग के माध्यम से जीवन सफल बनाए खुद को स्वस्थ बनाए जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### जयपुर फुट एंड आर्टिफिशियल हैंड की चिन्हित..

ग्राम देवलगांव में ग्रामीण क्षेत्रों में जिनके हाथ पैर नहीं है या किसी कारण से, दुर्घटना के कट गए, ऐसे लोगों को अभी चिन्हित किया जा रहा है,लोगो को निःशुल्क कृत्रिम हाथ पैर दिव्यांग जनों को निःशुल्क लगाया जाएगा।

क्षेत्र में अभी तक आयोजित अखण्ड श्री राम चरित मानस पाठ कार्यक्रम के माध्यम से लोगो को चिन्हित कर उन्हें सेवा प्रदान किया जाएगा। अभी तक आयोजित अखण्ड पाठ कार्यक्रम में 1 व्यक्ति हाथ को चिन्हित किया गया और पूर्ण सावन माह में 6 लोग आयोजित कार्यक्रम में लोगो को जानकारी प्राप्त कर सेवा प्रदान की जाएगी। जो भी व्यक्ति या उसके परिजन आये साथ में आधार कार्ड, डॉ सर्टिफिकेट, फोटो कटे अंग की और निवासी प्रमाण पत्र या राशन कार्ड साथ लेकर आए। मानवता की सेवा के लिए सदैव तत्पर आइए हम सभी मिलकर मानवता की सेवा करे। समस्त ग्रामवासी के सहयोग से अखण्ड श्री राम चरित मानस पाठ सम्पन्न हुआ।

### आज कारंजा में अखण्ड पाठ शुभारभ..

आज ग्राम कारंजा में हनुमान मंदिर में बाजार चौक अखण्ड श्री राम चरित मानस पाठ कार्यक्रम का शुभारंभ सभी स्थानीय नागरिकों एवं ग्राम समितियो और निवासियों के सहयोग से 17 अगस्त 2026 को संगीत मय कार्यक्रम शुभारभ किया गया। और 18 अगस्त को अखण्ड श्री राम चरित मानस पाठ का विश्रांति के साथ स्वास्थ शिविर एवं मोतियाबिंद नेत्र जांच शिविर, प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम के महाप्रसाद के साथ संपन्न होगा आप सभी क्षेत्र वासियों से अनुरोध है कि पुण्य अखण्ड श्री राम चरित मानस पाठ कार्यक्रम में उपस्थित का आग्रह है।

## सद्भावना मित्र मंडल ने किया कोटेश्वर धाम में भंडारे का आयोजन

## सैकड़ों लोगों ने पाई महाप्रसाद..





जगप्रेरणा लांजी।

*सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अग्रणी सद्भावना मित्र मंडल एवं मां कालीघाट जनकल्याण समिति लांजी द्वारा श्रावण मास के तृतीय सोमवार को कोटेश्वर धाम परिसर में विशाल भंडारा एवं महाप्रसाद का आयोजन किया गया।*

समिति द्वारा पिछले 35 वर्षों से चली आ रही इस सेवा परंपरा के तहत 17 अगस्त 2026 को 36वें वर्ष भी श्रद्धा और उत्साह के साथ महाप्रसाद का आयोजन किया गया। महाप्रसाद का शुभारंभ समिति के सचिव एवं लांजी-किरनापुर क्षेत्र के विधायक राजकुमार कर्राहे तथा समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा भगवान कोटेश्वर महादेव को अन्न का भोग लगाकर किया गया। इसके पश्चात समिति के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों द्वारा नगर के विभिन्न मंदिरों में भी अन्न का भोग अर्पित किया गया।

भगवान को भोग लगाने के बाद कोटेश्वर महादेव के दर्शन एवं जलाभिषेक के लिए पहुंचे कांवड़ियों और श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद वितरण प्रारंभ किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। महाप्रसाद वितरण के दौरान समिति के पदाधिकारी, सदस्य एवं सेवाधारी पूरे समय व्यवस्था में जुटे रहे। इस अवसर पर समिति संरक्षक गिरधारी लाल अग्रवाल, सद्भावना मित्र मंडल अध्यक्ष युगेश रामटेक्कर, विधायक राजकुमार कर्राहे, नितिन पशीने, मधुकर आसटकर, रुपचंद रामटेक्कर, सचिन अग्रवाल, कैलाशपुरी गोस्वामी, देवानंद कुर्वे, राजा महिमेहरो, सतीश दुरुगकर, राजू मोहारे, विशाल दुग्गड़, बबलू शिवालिया, हुकुमचंद जुझार, योगेंद्र बबली मिश्रा, डॉ. राजेश रणदिवे, सौरभ मोनू पशीने, अमित आसटकर, सुधीर चौहान, अंकित अग्रवाल, मुकेश देवगड़े, गजानन बड़घैया, अंकित शर्मा, रोशन आसटकर, संतोष भार्गव, कमलेश बड़गैया, टेकचंद बिहोने, डॉ. देवेश ऐड़े, ओमप्रकाश आसटकर, लक्ष्मण किरनापुरे, राजेंद्र मुरकुटे, अरूणेन्द्र दुरूगकर सहित अनेक सेवाधारियों ने श्रद्धालुओं को प्रसाद परोसकर सेवा की।

महाप्रसाद में लांजी क्षेत्र के साथ-साथ दूर-दराज एवं पड़ोसी राज्यों से कोटेश्वर धाम पहुंचे दर्शनार्थियों और भक्तों ने भी प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन के दौरान श्रद्धा, सेवा और सामाजिक एकजुटता का वातावरण देखने को मिला।

### व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।

## ग्राम विकास हमारी पहली प्राथमिकता - नेहल गौतम

## कुम्हारी खुर्द पंचायत में हुआ ग्राम सभा का आयोजन..





जगप्रेरणा लांजी।

*ग्राम पंचायत कुम्हारी खुर्द में मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार 17 अगस्त 2026 को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा की अध्यक्षता युवा सरपंच नेहल तुमेश्वर गौतम ने की।*

कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ, जिसमें सैकड़ों ग्रामीणों ने उपस्थित होकर ग्राम विकास और जनकल्याण से जुड़े विषयों पर अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

ग्राम सभा के दौरान ग्रामीणों ने विभिन्न विकास कार्यों, जनहित से जुड़े विषयों तथा जनजागरूकता से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने आपसी समन्वय के साथ गांव के विकास को गति देने तथा जनकल्याणकारी कार्यों को बेहतर ढंग से आगे बढ़ाने पर जोर दिया।

इस अवसर पर उपसरपंच उमेश डिब्बे, पंच डालेंद्र महेश्वरे, येवानंद पटले, गीता कोसरे, खेलचंद नारनौरे सहित समस्त पंचगण, ग्राम पंचायत सचिव आशीष बाबू अगासे, सहायक सचिव संजय चौहान एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

ग्राम सभा में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पंचायत प्रतिनिधियों के साथ मिलकर ग्राम विकास एवं जनजागरूकता को लेकर सकारात्मक निर्णय लेने में सहभागिता की।

सर्वश्रेष्ठ प्रिंटिंग
सबसे कम कीमत पर
समाचार पत्र, पत्रिका, किताब, पांपलेट, बिलबुक, रसीद बुक, लेटरपेड, कैलेंडर, आदि की ग्राफिक्स डिजाईनिंग एवं प्रिंटिंग कार्य के लिये तथा समाचार पत्रों के साथ पांपलेट वितरण कार्य के लिये संपर्क करें..
जगप्रेरणा ग्राफिक्स
गोंदिया - बालाघाट मो. 9329033433

## देवलगांव हाई स्कूल में उल्लासपूर्वक मनाया स्वतंत्रता दिवस

## झांकियों के साथ रैली ने ग्राम भ्रमण कर देशभक्ति का दिया संदेश..





जगप्रेरणा लांजी।

शासकीय हाई स्कूल देवलगांव में 15 अगस्त 2026 को 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 7:30 बजे शाला के प्राचार्य आर. के. बेंजामिन द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुई।

इसके बाद ग्राम में प्रभात फेरी निकाली गई। प्राथमिक शाला, पंचायत एवं गांधी चौक में भी ध्वजारोहण किया गया। इसके पश्चात प्रभात फेरी पुनः विद्यालय पहुंची। शाला प्रांगण में आयोजित मुख्य समारोह में प्राचार्य आर. के. बेंजामिन अध्यक्ष रहे। मुख्य अतिथि के रूप में एसएमसी अध्यक्ष कमलेश राहंगडाले तथा विशेष अतिथि के रूप में मुन्ना कुमार बागडे, पूरनलाल बागडकर, उमेदलाल बोपचे, दिनेश ठाकरे एवं संतोष मेश्राम उपस्थित रहे। युवा अतिथियों में मयूर वाहने, नोकेश बल्लारखेडे एवं आकाश बागडे शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं डॉ. बी. आर. अंबेडकर के चित्र पर पूजन-अर्चन के साथ किया गया।

छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा गीत एवं भाषण की प्रस्तुतियां दी गई, जिन्हें उपस्थितजनों ने खूब सराहा। शासन के निर्देशानुसार विद्यालय में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही हर घर तिरंगा अभियान के तहत रैली भी निकाली गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम का मंच संचालन एस. एल. घोरमारे ने किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि कमलेश राहंगडाले तथा युवा अतिथियों मयूर वाहने, नोकेश बल्लारखेडे एवं आकाश बागडे ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। इसके बाद प्राचार्य आर. के. बेंजामिन ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हुए जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और उन्हें आशीर्वाद दिया।

विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को शाला की ओर से पुरस्कृत किया गया।अंत में एस. एल. घोरमारे ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम अध्यक्ष की अनुमति से स्वतंत्रता दिवस समारोह के समापन की घोषणा की गई। इस अवसर पर शाला परिवार से शैलेष नागदेवे, ईश्वरी प्रसाद कुशले, दुधराम चौधरी, सविता टेंभरे, कुंजन वंजारी, भोलाराम घोरमारे, कांति जीवतोडे सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## देश की एकता, अखंडता से दुनिया का शिरमौर बने हम..

## स शि म में स्वतंत्रता दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम..



जगप्रेरणा लांजी।

सरस्वती शिशु माध्यमिक विद्यालय लांजी में 15 अगस्त को 80वां स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिसर राष्ट्रभक्ति के नारों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से गूंज उठा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय रामटेककर ने ध्वजारोहण किया। इससे पूर्व अतिथियों ने मां भारती, मां सरस्वती, महात्मा गांधी एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर ध्वज पूजन किया।

वंदे मातरम्, ध्वज सलामी और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम में बारेलाल बडगैया, छबिलाल मरठे, टीडी लिल्हारे, डॉ. राजेश रणदिवे, विकास आसटकर, मनोज किरनापुरे, मनीषा दुग्गड़, प्राचार्य दिनेश गिरी गोस्वामी, प्रधानाचार्य सदरुलाल बोहने सहित समिति सदस्य, पूर्व छात्र, अभिभावक, आचार्य एवं भैया-बहन उपस्थित रहे। कुमारी मेघा पांचे एवं सहेली ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद डाली बिसेन, दिव्यांशी ठाकरे, यशस्वी शाकरे, भूमिका वाकले, त्रिशा सिरामे, साईं रामटेक्कर, मानस समरीते, मानसी दहिकर, उपाधि लटारे एवं वेदांशी ढोक सहित विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नृत्य, वंदे मातरम् और मध्यप्रदेश गान की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

इस अवसर पर टीडी लिल्हारे ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें अमर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग एवं बलिदान की याद दिलाता है। देश की एकता, अखंडता और प्रगति में योगदान देना प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है।

प्राचार्य दिनेश गिरी गोस्वामी ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश के वीर सपूतों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर हमें आजादी दिलाई। उनकी कुर्बानियों को याद रखते हुए देश की एकता और अखंडता बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने अतिथियों, अभिभावकों, आचार्य परिवार एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन त्र्यंबक भगत ने किया। समापन पर सभी विद्यार्थियों को मिष्ठान वितरित किया गया।



जग प्रेरणा
# साहित्य अभिव्यक्ति
■ संपादकीय ■ लेख ■ कविता ■ व्यंग्य ■ महाशब्द पहेली (शब्द ज्ञान)

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433



दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433

## नागपंचमी :मैं साँप हूँ, मुझे साँप ही रहने दें-देवता न बनाएं

नागपंचमी आते ही देश में साँपों की पूछ अचानक बढ़ जाती है। जिस जीव को साल भर देखते ही डंडा उठ जाता है, वही सावन आते-आते नागदेवता बन जाता है। कल तक जो आवाज आती थी-÷साँप है, मारो!÷- वह नागपंचमी पर बदलकर हो जाती है-÷नागदेवता हैं, दूध चढ़ाओ!÷ बेचारा साँप भी सोचता होगा कि आखिर वह है क्या- सरीसृप, शत्रु, देवता या मौसमी वीआईपी?

साँप की अपनी कोई गलती नहीं है। वह न देवता बनने की अर्जी देता है, न मनुष्य को डराने का ठेका लेता है। वह तो बस एक सरीसृप वर्ग का जीव साँप है। उसे रेंगना आता है, शिकार करना आता है और अपनी रक्षा करना आता है। मनुष्य ने ही उसके सिर पर कभी भय का मुकुट रख दिया, कभी आस्था का। अब बेचारा साँप तय करे तो करे क्या?

विडंबना देखिए कि मनुष्य साँप को देवता बनाने के लिए उसके बिल में दूध लेकर पहुँच जाता है,या फिर घर में सांप के चित्र की पूजा कर पकवान का भोग लगाता है।सांप तो विचार पकवान खाता नहीं, हां उसके नाम पर मनुष्य ने पकवान खाने का अवसर अवश्य तलाश लिया है।विज्ञान कहता है कि साँप स्तनधारी नहीं है; उसके शरीर को दूध की आवश्यकता नहीं होती। अधिकांश साँप दूध को प्राकृतिक आहार के रूप में नहीं लेते। फिर भी नागपंचमी पर दूध पिलाने की परंपरा ऐसी निभाई जाती है, मानो नागदेवता के लिए डेयरी उद्योग अलग से खुला हो।

कई बार पकड़े गए या प्रदर्शित किए गए साँपों को जबरन दूध पिलाने से उनके स्वास्थ्य को नुकसान भी हो सकता है, स्वार्थी मानव यह भी भूल जाता है।और हमारी श्रद्धा भी कमाल की है। साँप को दूध पिलाएँगे, गरीब के बच्चे को नहीं, साथ ही उसके प्राकृतिक आवास को नष्ट करने में कोई संकोच भी नहीं करेंगे। खेतों की मेड़, झाड़ियाँ, बिल, जंगल और प्राकृतिक आवास खत्म करते रहेंगे और फिर पूछेंगे-÷साँप गाँव में क्यों आ गया?÷ अरे भाई, आपने उसका घर ही तोड़ दिया; अब वह आपके ड्राइंग रूम में किरायेदार बनकर नहीं आएगा तो कहाँ जाएगा?

साँप पारिस्थितिकी तंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा है। अनेक साँप चूहों और अन्य छोटे जीवों की संख्या नियंत्रित करते हैं। किसान के खेत में अनाज का नुकसान कम करने में उनकी अप्रत्यक्ष भूमिका हो सकती है। यानी जिसे हम देखते ही मारने या मरवाने का संकल्प ले लेते हैं, वास्तव में वह प्रकृति के संतुलन के लिए एक उपयोगी जीव है।

इसलिए नागपंचमी का असली संदेश साँप को देवता बनाना नहीं, साँप को साँप की तरह समझना और उसके अस्तित्व का सम्मान करना होना चाहिए। श्रद्धा यदि संरक्षण की भावना पैदा करे तो वह सुंदर है; लेकिन श्रद्धा यदि जीव के प्राकृतिक व्यवहार के विरुद्ध जाकर उसे कष्ट दे, तो वह श्रद्धा नहीं, अज्ञान का उत्सव बन जाती है।

साँप शायद हमसे यही कहना चाहता है-÷भाई, मुझे देवता मत बनाओ। मुझे प्रसाद, हल्दी-कुमकुम, माला और दूध की जरूरत नहीं। बस मुझे मत मारो, मेरा घर मत उजाड़ो और मुझे देखकर अनावश्यक बहादुरी मत दिखाओ। मैं साँप हूँ, मुझे साँप ही रहने दो।÷और हाँ, यदि कभी साँप घर में आ जाए तो देवता समझकर आरती उतारने के बजाय प्रशिक्षित वन्यजीव बचावकर्मी को बुलाइए। साँप को भी सम्मान चाहिए और मनुष्य को भी सुरक्षा।आखिर प्रकृति ने साँप को साँप बनाया है। उसे देवता बनाने से बेहतर है उसे जीव समझना-और जीव होने का उसका अधिकार बचाए रखना।

लेखक



प्रो.मनमोहन प्रकाश

## सावन..

सावन के ये झूले कितने हैं सुहाने,
कहते हैं ये जिंदगी नहीं मिली यूं ही गंवाने।
सीख देते हैं हमें मिल-जुल कर रहना है,
हर खुशी, गम को हंसकर ही सहना है।।

पावन मास यह सावन , पावन इसके झूले,
शिवशक्ति की भक्ति में मग्न सब हो लें ।
चहुँ ओर खुशहाली, चहुँ ओर हरियाली,
प्रकृति की मनमोहक छवि लगती अति प्यारी।।

श्रृंगार कर रही प्रकृति,जैसे श्रृंगार करें नारी,
अलंकृत गहनों से सजी मनमोहक छवि न्यारी।
नदियाँ आतुर हुई मिलने को सागर को,
बारिश की रिमझिम फुहारें,
भिगोएं बदल को।।

आतिशबाजी कर
रहा यूं आसमान,
पवन की हल्की बहारें
जगा रहीं अरमान।
सौंधी सौंधी
खुशबू ये माटी की,
खूबसूरती देखो
क्या है घाटी की।।

लेखिका



श्रीमती ऋचा देशमुख

## सावधान फूल तोड़ना मना है..

जैसे ही देव शयनी ग्यारस की तिथि बीत जाती है हमारे घर के उपवन में, सार्वजनिक उद्यान में, सड़कों के किनारे लगी बड़ी क्यारियों में लगे फूलों के पौधों की

हालत पतली हो जाती है।बेचारे डर के मारे उदास, चुपचाप खड़े खड़े हमसे अनुरोध करते हुए कहते हैं अंकल जी मेहरबानी करके एक बोर्ड लगवा दीजिए कि यहां के ÷फूल तोड़ना मना है।÷

हम पूछते हैं भाई आखिर इतने डरे हुए क्यों हो अब तो आज से चातुर्मास का शुभारंभ हुआ है आपको तो प्रसन्न होना चाहिए कि

भगवान के श्री चरणों में आपको पूजन के माध्यम से समर्पण का सुअवसर प्राप्त हो रहा है।आप जैसे रंग बिरंगे खिलखिलाते, मुस्कुराते, सौरभ सुगंध उड़ाते सुमनों को श्रद्धा भाव के साथ भक्त गण भगवान को अर्पित करेंगे।हमारी बात सुनकर फूलों से लदे पौधे बोले ,÷ अंकल ! आपकी

बात तो कौन बनेगा करोड़पति के कम्पूटर मास्टर की तरह शत प्रतिशत सही है किंतु अंकल ये भगवान के चालाक किस्म के भक्तों की हरकतें , क्रियाकलाप आदतें देख कर हमको इन्हें शब्दालंकार से अभिनंदन करने की इच्छा शक्ति जाग्रत हो उठती है।हमने पूछा क्यों ? देखिए न अंकल ये चालाक किस्म के कुछ भक्त मुंह अंधेरे अर्थात बड़े सबेरे हाथ में टॉर्च और एक ओर से मुड़ी हुई लकड़ी लेकर जब मुझ पर अत्याचार करते हैं तो ऐसा लगता है ये पूजा के लिए फूल तोड़ने नहीं मुझे किसी कसाई की तरह नोचने आये हैं। जहाँ इनके हाथ नहीं पहुंच पाते वहां इनकी छड़ी या लकड़ी मेरी कोमल कोमल डालियों या शाखाओं को बड़ी बेरहमी से खींच कर उन पर हंसते मुस्कुराते खिलखिलाते फूलों को तोड़ डालते हैं।उद्यान उपवन या क्यारियों का मालिक यदि गहरी नींद में हो या संकोच में कुछ न बोले तो ये पूर्णतः फूल विहीन करके ही आगे बढ़ते हैं।इन चालाक किस्म के भक्तों का थैला फूलों से इतना ठसाठस भरा होता है कि मानो किसी बड़े मंदिर के लिए फूल ले जा रहे हों।इनका काम मुट्ठी भर फूलों से भी चल सकता है किंतु थैला भर या प्लास्टिक की सड़ी गली पन्नी भरकर फूल तोड़ना या चुराना इनकी आदत बन जाती है।हमें इन बातों को सुनकर दुख अवश्य हुआ किन्तु हमने कहा ÷आखिर भगवान की पूजा में ही तो काम आ रहे हैं फूल ÷ तो तुरंत गुस्से में फूलों का पौधा बोला ÷अंकल !जब इनको पूजा पाठ का इतना ही शौक है तो ये भक्त अपने स्वयं के घर में गमले या छत पर फूलों के पौधे क्यों नहीं लगाते ? दूसरों के घर पर डाका क्यों डालते हैं।ये चाहें तो फूल,हार ,पुष्प गुच्छ बेचने वाले माली से उनकी कीमत


देकर भी तो पुष्प खरीद सकते हैं÷।इस बात पर हमने कहा ÷अरे भाई आज के इस जमाने में कोई भी चालक भक्त परिश्रम या मेहनत नहीं करना चाहता है।कोई भी पूजा के लिए फूल खरीद कर पूजा नहीं करना चाहता है।अधिकांश मुफ्त के फूल से भगवान को प्रसन्न करना चाहते हैं। किसी उद्यान या बगीचे से चोरी करके ,हाथ सफाई करके या नम्बर दो के रास्ते से फूलों को हथियाकर अपने ईष्ट को प्रसन्न करना चाहते हैं।÷ हमारी बात सुनकर पौधा बोला ÷ इसी कारण अंकल जी !मुझे लगता है आजकल अधिकांश चालाक किस्म के भक्त भी सुखी या आनंदमय दिखाई नहीं पड़ते हैं।÷

हमने कहा,÷ हां भाई हो सकता है ईश्वर यह सोचता हो कि जो भक्त मेरी पूजा के लिए भी चोरी का, हेराफेरी का, या नम्बर दो का काम करके बगैर परिश्रम किये उत्तम फल प्राप्त करना चाहता है उसे तो पापी ही कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।÷

तो पौधा हमारी बातों से खुश होकर बोला÷ बिल्कुल सच कहा आपने अंकल जी आप देखिये न कितनी बेरहमी से ये चालाक भक्त हमारा सौंदर्य नष्ट कर देते हैं।अखबारों में वृक्षारोपण की खबरें प्रकाशित करवाते तो बहुत हैं हमने किंतु नियमित देख रेख , पानी, प्रकाश, खाद आदि की स्थाई व्यवस्था कभी नहीं करते हैं इस कारण वृक्षारोपण की खबरें तो बहुत छपती रहतीं हैं किंतु वास्तव में देखने जाओ तो वृक्ष आरक्षण बहुत कम दिखाई देता है।हमने कहा ÷भैया ! हम तो अपने घर के फूलों के पौधों को कंटीले तारों से घेर कर रखेंगे सार्वजनिक बगीचे के चौकीदार या मालिक को भी कहेंगे कि फूल तोड़ने वालो के लिए एक तख्ती बनाये जिसमें लिखा रहे ÷ सार्वजनिक उद्यान के फूल तोड़ना या फूलों को चुराना दंडनीय अपराध है।आपका यह अनैतिक कार्य सी,सी . टी. वी.,कैमरा नहीं साक्षात ईश्वर का कैमरा देख रहा है जिसका प्राकृतिक दंड अवश्य मिलेगा। सावधान आप ईश्वर की निगाहों में है यहां फूल तोड़ना मना है।÷

व्यंग्यकार डॉ प्रणय श्रीवास्तव अश्क


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 248



Åij I: ulp: & 1) दुविधा में पड़ना अर्थवाला एक मुहावरा 2) पांच का चौथाई भाग 3) अंतर 4) बलवान 5) कागज या लकड़ी में लगनेवाला कीड़ा 6) तुरन्त चुकाया जानेवाला रूपया, पैसा 7) लवकुश के दादा 8) रेखा 9) मूल नाम के अलावा दुसरा नाम 10) एकाग्रता 11) मुसलमान 13) निश्चिंत रहनेवाला और मनमौजी फकीर 14) असावधान 15) काटना (अं.) 20) टंगना 23) माप 25) झगड़ा 27) प्रसिद्ध 28) दरिद्र, गरीब 30) हार 34) त्वचा को होनेवाला एक रोग 37) चुराना 39) पुरुषत्व 40) खैरात 41) शासक 43) जीभ 44) शर 45) बस्ती 47) बंदर 48) सीता 49) दूल्हा 51) ओशो 52) समुद्र में लगनेवाली आग 54) मुसलमान फकीर, मदारी 57) कुटूंब 60) मल्लाह 63) मुंह से निकलनेवाला लसदार थूक 64) नशीला 65) मृत्यू के देवता 67) विष्णु का एक अवतार 69) कई रंगोंवाला 70) एक राज्य, जिसकी राजधानी ईटानगर है 72) रोजा रखा जानेवाला मुसलमानों का महिना 74) औरंगजेब के पिता 77) श्रीकृष्ण के मामा 80) व्याकूल 82) स्पर्श करना 83) दाना-दाना 84) दिल्लगी करना 85) मोटर (अं.) 869) आंखो में लगाया जानेवाला अंजन 88) कृपा दृष्टी (उर्दू) 91) नभ 93) सियार 94) कृष्णद्वारा गोपियों के साथ किया गया नृत्य 95) सरिता 97) उड़िसा का एक बड़ा शहर 98) .......... घावरी, एक पुराने प्रसिद्ध क्रिकेट खिलाड़ी 100) महिना 101) शरण 102) वृतांत, कम होना 103) बचा हुआ 104) उत्तर प्रदेश का एक प्रमुख शहर 105) धातु का लम्बा धागा 106) लाश 108) आफत 110) बांग्ला देश का एक सिक्का (जवाब अगले अंक में)

ck;s ls nk;s – 1) नाकामयाबी 5) पुराने भारतीय जनसंघ के एक दिवंगत अध्यक्ष 12) कमलों का सरोवर, एक नाम 16) आरूढ 17) खींचतान 18) रखना (अं.) 19) अनोखा 21) कामुक, व्यभिचारी 22) किसी खुले स्थान पर लगाया गया मोटा कपड़ा 24) योग्यता की पारख करना , इज्जत करना 26) श्रीकृष्ण 29) एकत्र 31) हवा 32) जलविहीन भूमि 33) तल्लीन 35) कसर 36) सवारी, यान 38) मुसलमानोंद्वारा किया जानेवाला प्रणाम 40) सेवक 42) शिवजी 44) वस्त्र 45) विष 46) सूजी 48) अफवाह 50) ज्ञात राशि की सहायता से अज्ञात राशि मालूम करने की गणित की एक क्रिया 52) जंगल 53) घ्राणेंद्रिय 55) परदे में रहने वाली 56) जहां चीजें तैयार की जाती है 58) धूल 59) छटपटाना 61) मनुष्य 62) शराब बनानेवाला एवं बेचनेवाला 64) आदरणीय 66) बहस 68) एक फल या एक रंग 70) राक्षस 71) गायब 73) मरघट 75) कटि 76) कायरता 78) लवण 79) जो भारी न हो 81) योग्य 83) शपथ 85) कामधंधा 87) परत 89) रंगभूमि, जहां नाटकों का मंचन होता है 90) गुजरात का एक प्रमुख शहर 92) एक मुगल बादशाह 94) रास्ता 95) अंगुठी आदि में जड़ा जानेवाला किमती पत्थर 96) दाग 97) आज के बाद आनेवाला दुसरा दिन 98) न्यूनता 99) प्रमाणसहित 101) पानी भरने का घाट 103) राजस्थान का एक शहर 105) पत्तों का खेल या खेले जानेवाले पत्ते 107) शरीर 108) वर्षा होना 109) स्थिर दृष्टी 111) पारा 112) लालन पालन 113) जीवित करना 114) दूर करना 115) पढ़ने की क्रिया

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691





जग प्रेरणा
# व्यापार समाचार
● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

## ग्राम पंचायत रटेगांव
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की कोटि कोटि बधाईयां..
श्रीमती वंदना बालकृष्ण बिसेन सरपंच
शुभेच्छु
रमेश वैद्य सचिव
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत रटेगांव, लालबर्रा

## ग्राम पंचायत साल्हे (ला.)
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की कोटि कोटि बधाईयां..
श्रीमती आरती जुगलकिशोर भैरम सरपंच
शुभेच्छु
खेमकरण हनवत सचिव
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत साल्हे (ला.), लालबर्रा

## ग्राम पंचायत नैतरा
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की कोटि कोटि बधाईयां..
श्यामराव डोंगरे सरपंच
शुभेच्छु
कोमलप्रसाद कटरे सचिव
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत नैतरा, लालबर्रा

## ग्राम पंचायत मोहगांव (जा.)
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की कोटि कोटि बधाईयां..
भोजलता विरेन्द्र बिसेन सरपंच
शुभेच्छु
खरगलाल टेंभरे सचिव
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत मोहगांव (जा.), लालबर्रा

## ग्राम पंचायत कामथी
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की कोटि कोटि बधाईयां..
साहेबलाल देशमुख सरपंच
शुभेच्छु
लिखेन्द्र बिसेन सचिव
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत कामथी, लालबर्रा

## ग्राम पंचायत लवादा
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की कोटि कोटि बधाईयां..
श्रीमती निलेश्वरी हस्ताराम राहंगडाले सरपंच
शुभेच्छु
मूलचंद बिसेन सचिव
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत लवादा, लालबर्रा

## ग्राम पंचायत निलजी
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की कोटि कोटि बधाईयां..
फिरोज खान सरपंच
शुभेच्छु
आशुतोष पांडे सचिव
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत निलजी, लालबर्रा

## ग्राम पंचायत मुरझड़
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की कोटि कोटि बधाईयां..
श्रीमती ज्ञानता भोजलाल लिल्हारे सरपंच
शुभेच्छु
रविन्द्र पटले सचिव
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत मुरझड, लालबर्रा

## ग्राम पंचायत कटंगझरी
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की कोटि कोटि बधाईयां..
श्रीमती कविता जितेन्द्र हटवार सरपंच
शुभेच्छु
राजेन्द्र बांगरे सचिव
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत कटंगझरी, लालबर्रा

## ग्राम पंचायत बोट्टा (ह.)
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की कोटि कोटि बधाईयां..
चन्द्रकिशोर बघेले सरपंच
शुभेच्छु
एसनलाल नगपुरे सचिव
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत बोट्टा (ह.), लालबर्रा

## ग्राम पंचायत छतेरा
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की कोटि कोटि बधाईयां..
शीला राजेन्द्र बिसेन सरपंच
शुभेच्छु
दीपक सोनबिरसे सचिव
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत छतेरा, लालबर्रा

## ग्राम पंचायत बघोली
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की कोटि कोटि बधाईयां..
अरसद पापा पटेल सरपंच
शुभेच्छु
लक्ष्मीप्रसाद सोनवाने सचिव
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत बघोली, लालबर्रा

## ग्राम पंचायत पिपरिया (छि.)
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की कोटि कोटि बधाईयां..
रूपचंद मानेश्वर सरपंच
शुभेच्छु
गोविंदराम हरदे सचिव
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत पिपरिया (छि.), लालबर्रा

## ग्राम पंचायत पिपरिया (बड.)
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की कोटि कोटि बधाईयां..
सुशीला गंगाराम पटले सरपंच
शुभेच्छु
युवराज पटले सचिव
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत पिपरिया (बड.), लालबर्रा

## ग्राम पंचायत डोकरबंदी
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की कोटि कोटि बधाईयां..
सोमेश्वर मोहतूरे सरपंच
शुभेच्छु
योगराज टेंभरे सचिव
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत डोकरबंदी, लालबर्रा

## ग्राम पंचायत खमरिया
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की कोटि कोटि बधाईयां..
श्रीमती ज्योति अनिल टेंभरे सरपंच
शुभेच्छु
गोविंदराम हरदे सचिव
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत खमरिया, लालबर्रा

## ग्राम पंचायत बहियाटिकुर
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की कोटि कोटि बधाईयां..
श्रीमती पुष्पा कमलकिशोर ठाकरे सरपंच
शुभेच्छु
अनिरूद्ध लांजेवार सचिव
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत बहियाटिकुर, लालबर्रा

## ग्राम पंचायत मानपुर
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की कोटि कोटि बधाईयां..
बलराम गौतम सरपंच
शुभेच्छु
जगराम राउत सचिव
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत मानपुर, लालबर्रा

## ग्राम पंचायत मांझापुर
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की कोटि कोटि बधाईयां..
श्रीमती रूखमणि महेशसिंह मर्सकोले सरपंच
शुभेच्छु
श्रीमती रंजना तिवारी सचिव
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत मांझापुर, लालबर्रा

## ग्राम पंचायत पाथरी
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की कोटि कोटि बधाईयां..
श्रीमती धनवंता सुमेंद्र पटले सरपंच
शुभेच्छु
बिपतसिंह कुमरे सचिव
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत पाथरी, लालबर्रा

## ग्राम पंचायत बेलगांव
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की कोटि कोटि बधाईयां..
अरविन्द पंचेश्वर सरपंच
शुभेच्छु
दिलीप कावरे सचिव
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत बेलगांव, लालबर्रा

## ग्राम पंचायत बल्हारपुर
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की कोटि कोटि बधाईयां..
सेवन काटेकर सरपंच
शुभेच्छु
कोमल यादव सचिव
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत बल्हारपुर, लालबर्रा

## ग्राम पंचायत बिरसोला
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की कोटि कोटि बधाईयां..
ममता पवन चौडे सरपंच
शुभेच्छु
डोमनलाल सोनवाने सचिव
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत बिरसोला, लालबर्रा

## ग्राम पंचायत चीचगांव
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की कोटि कोटि बधाईयां..
गोविंद पटले सरपंच
शुभेच्छु
बलीराम पटले सचिव
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत चीचगांव, लालबर्रा

## ग्राम पंचायत गारापुरी
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की कोटि कोटि बधाईयां..
रविन्द्र मानकर सरपंच
शुभेच्छु
लाकेश खरे सचिव
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत गारापुरी, लालबर्रा

## ग्राम पंचायत खिर्री
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की कोटि कोटि बधाईयां..
सुनीता विकास पटले सरपंच
शुभेच्छु
जितेन्द्र गनवीर सचिव
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत खिर्री, लालबर्रा

## ग्राम पंचायत पाण्डेवाडा
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की कोटि कोटि बधाईयां..
युवराज सोनेवाने सरपंच
शुभेच्छु
ओमकार पटले सचिव
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत पाण्डेवाडा, लालबर्रा

## ग्राम पंचायत पाथरसाही
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की कोटि कोटि बधाईयां..
रामचरण गढावार सरपंच
शुभेच्छु
श्रीमती आशा चौहान सचिव
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत पाथरसाही, लालबर्रा

## ग्राम पंचायत खारी
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की कोटि कोटि बधाईयां..
श्रीमती डिलेश्वरी कैलाश नखाते सरपंच
शुभेच्छु
दीपक सोनबिरसे सचिव
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत खारी, लालबर्रा

## ग्राम पंचायत गणेशपुर
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की कोटि कोटि बधाईयां..
हेमंत कटरे सरपंच
शुभेच्छु
नूरेन्द्र बघेल सचिव
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत गणेशपुर, लालबर्रा

## ग्राम पंचायत कोपे
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की कोटि कोटि बधाईयां..
लक्ष्मण आचरे सरपंच
शुभेच्छु
राजू बिसेन सचिव
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत कोपे, लालबर्रा

## ग्राम पंचायत लोहारा
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की कोटि कोटि बधाईयां..
धनेन्द्र कडपेती सरपंच
शुभेच्छु
कपील अमूले सचिव
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत लोहारा, लालबर्रा

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा
लांजी किरनापुर हट्टा
● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● रिसेवाड़ा ● बहेला ● साडरा ● हिर्री ● रजेगांव

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# सांदीपनि विद्यालय मे हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता का महापर्व..







**जगप्रेरणा लांजी।**
सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोलेगांव में बड़े ही धूमधाम से 80वे स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था प्राचार्य बी आर गुरदे सर एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा भारत माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण, ध्वज पूजन, राष्ट्रगीत एवं ध्वजारोहण किया गया। तदोपरान्त विद्यालय के शिक्षक -शिक्षिकाओ के दिशा निर्देश में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभातफेरी निकाली गई जो क्रमशः आंगनवाड़ी केंद्र, ग्राम पंचायत, सेवा सहकारी समिति एवं जय स्तंभ चौक के ध्वजारोहण में सहभागिता करते हुए दुर्गा मंदिर चौक में ध्वजारोहण कर संपूर्ण ग्राम ग्राम का भ्रमण किया गया। प्रभातफेरी के दौरान छात्र छात्राओं द्वारा भारत माता की जय, जय जवान जय किसान, वन्दे मातरम आदि देशभक्ति नारे लगाते हुए पुनः विद्यालय प्रांगण में प्रभातफेरी का समापन किया गया। तत्पश्चात सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया जिसमें संस्था प्राचार्य एवं उपस्थित गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय की छात्र छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विविध सांस्कृतिक एवं देशभक्ति गीत, नाटक, नृत्य वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं विविध देशभक्ति झांकी प्रस्तुत किए। विद्यालय के स्काउट एंड गाइड एवं रेडक्रॉस के छात्र-छात्राओं ने उपस्थित अतिथियों के समक्ष राष्ट्रध्वज सलामी एवं परेड का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर **CUTE E&am** एवं **Super 100 e&am** में चयनित विद्यार्थियों को मेडल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अतिथियों एवं छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए संस्था प्राचार्य बी आर गुरदे सर ने कहा कि आज का दिन हम सबके लिए बड़ा ही गौरवशाली एवं महत्वपूर्ण है।आज ही के दिन सन् 1947 में हमें अंग्रेजी साम्राज्य के 200 साल की परतंत्रता की बेड़ियों से आजादी मिली थी। उसी की याद में हम प्रतिवर्ष 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाते हैं। एवं देश के उन वीर सपूतों को याद करते हैं जिनके आत्मोसर्ग एवं बलिदान की बदौलत हमें आजादी मिली। हमें केवल राष्ट्रीय पर्व के दिन ही मां भारती के सपूतों को याद नहीं करना चाहिए वरन आजीवन उनके त्याग एवं बलिदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते रहना चाहिए एवं उनके सिद्धांतों एवं आदर्शो को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। प्रत्येक भारतीय का यह परम कर्तव्य है कि वे भारतीय राष्ट्रध्वज एवं भारतीय संविधान का सम्मान करें एवं उसकी रक्षा के लिए तत्पर रहे। आगे आपने कहा कि विद्यार्थी जीवन, जीवन निर्माण का काल होता है, जिस प्रकार के संस्कार एवं आदर्श आप विद्यार्थी जीवन में अंगीकार करेंगे वैसा ही आपका भावी जीवन होंगा। आज के विद्यार्थी कल के भावी नागरिक हैं। प्रत्येक विद्यालय का यह परम कर्तव्य है कि वे विद्यार्थीयों को सकारात्मक शिक्षा प्रदान करें एवं देश के भावी नागरिको का निर्माण करें । कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बोलेगांव की सरपंच प्रतिभा भरतद्वाज, पूर्व जनपद सदस्य अशोक बापूरे जी, सेवा निवृत्त अभियंता बी आर बापूरे जी, सामाजिक कार्यकर्ता युवराज भटेरे जी, जनपद सदस्य एवं पीटीए अध्यक्ष डॉ श्यामलाल बेदरे जी उपसरपंच चित्रलेखा कालबेले जी, सरपंच प्रतिनिधि अनिल भरतद्वाज जी, बिंदु पांडे जी ग्राम पंचायत बोलेगांव के सचिव एवं सहायक सचिव अन्य गणमान्य अतिथियों साथ साथ विद्यालय के शिक्षक -शिक्षिकाओ एवं सह शैक्षिक स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ शिक्षक सरोज कुमार पटेल सर एवं वरिष्ठ शिक्षिका शबाना कुरैशी मेम एवं रविप्रकाश सहारे सर द्वारा किया गया। उपस्थित अतिथियों एवं छात्र छात्राओं एवं पालकों के प्रति आभार प्रदर्शन संस्था के शिक्षक गोपाल कृष्ण तुरकर सर द्वारा किया गया।

# सावन के तीसरे सोमवार, उमड़ी भीड़ अपार, दादा कोटेश्वर महादेव धाम में दूर-दूर से जल लेकर आए

## कावड़िये और भक्तों ने चढ़ाया जल..







शिवभक्तों ने कोटेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया।

जगप्रेरणा लांजी।
***श्रावण मास के तीसरे सोमवार को लांजी स्थित प्रसिद्ध कोटेश्वर धाम में आस्था और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला।***

सुबह से ही कोटेश्वर महादेव के दर्शन एवं जलाभिषेक के लिए कांवड़ियों की कतारें लगी रहीं। चारों ओर गूंजते 'बोल बम' के जयकारों से पूरा लांजी शिवमय हो उठा।

बोल बम सेवा समिति द्वारा आयोजित कांवड़ यात्रा का तीसरा जत्था 17 अगस्त को सुबह करीब 7 बजे चहेली सीतापाला स्थित बाघनदी के उद्गम स्थल के लिए रवाना हुआ। उद्गम स्थल पहुंचकर कांवड़ यात्रियों ने स्नान किया तथा शिवलिंग की पूजा-अर्चना कर पवित्र जल अपने-अपने जल पात्रों में लेकर संकल्प के साथ 42 किलोमीटर की पदयात्रा शुरू की।

कांवड़ियों ने घने एवं कठिन जंगलों से गुजरते हुए कांद्रीघाट, रिसेवाड़ा, बहनवाड़ा, वारी, लोहार, भूरसाडोंगरी और कालीमाटी होते हुए नंगे पैर यात्रा की। शाम करीब 6 बजे कांवड़ यात्री कोटेश्वर धाम पहुंचे, जहां उन्होंने पवित्र जल से भगवान कोटेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित किया। यात्रा के दौरान कांवड़ियों में खासा उत्साह देखने को मिला। बोल बम रथ के साथ श्रद्धालु नाचते-गाते और जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। बोल बम सेवा समिति द्वारा यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर कांवड़ियों के लिए जलपान, विश्राम एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। समिति द्वारा आयोजित कांवड़ यात्रा में इस सोमवार को 1500 से अधिक कांवड़ियों ने चहेली सीतापाला से पवित्र जल लाकर कोटेश्वर महादेव का अभिषेक किया।

## बोल बम सेवा समिति गोंदिया ने कांद्रीघाट में लगाया महाभंडारा..

कांवड़ यात्रा के दौरान सेवा और समर्पण की मिसाल भी देखने को मिली। बोल बम सेवा समिति गोंदिया द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी तीसरे श्रावण सोमवार को कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित कांद्रीघाट में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। यहां हजारों कांवड़ियों एवं श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया और इसके बाद अपनी यात्रा आगे जारी रखी। इस दौरान समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

## विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे 2000 से अधिक कांवड़िए..

तीसरे श्रावण सोमवार को लांजी में कांवड़ियों का खासा हुजूम नजर आया। बोल बम सेवा समिति की यात्रा में शामिल 1500 से अधिक कांवड़ियों के अलावा लांजी, अमेड़ा, बालाघाट, किन्ही, रानककोड़ी, देवगांव, टेडवा, साडरा, गढ़ी, मंगोली, बोलेगांव सहित अनेक क्षेत्रों से 500 से अधिक कांवड़िए अलग-अलग जलस्रोतों से पवित्र जल लेकर कोटेश्वर धाम पहुंचे। इस प्रकार तीसरे सोमवार को लगभग 2000 से अधिक

## गुप्ता परिवार ने रिसेवाड़ा में 22 वर्षों से जारी रखी सेवा..

कांवड़ यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं की सेवा के लिए रिसेवाड़ा में गुप्ता परिवार द्वारा विगत 22 वर्षों से निरंतर जलपान एवं प्रसाद की व्यवस्था की जा रही है। इस वर्ष भी गुप्ता परिवार ने अपने प्रतिष्ठान के सामने कांवड़ियों के लिए जलपान, प्रसाद एवं पानी की व्यवस्था की। कांवड़ियों के विश्राम के साथ पैरों को पानी से धोने की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई, जिससे लंबी पदयात्रा के दौरान उन्हें राहत मिल सके। गुप्ता परिवार द्वारा आयोजित महाप्रसाद में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इसी क्रम में रिसेवाड़ा स्थित सोनवाने ट्रेडर्स के संचालक राधेश्याम सोनवाने एवं उनके परिवार द्वारा भी कांवड़ियों एवं भक्तों के लिए हलवा-पूड़ी के महाप्रसाद का आयोजन किया गया।

## चहेली पहुंच मार्ग पर भी श्रद्धालुओं ने बांटा प्रसाद..

कांवड़ यात्रा मार्ग के साथ-साथ चहेली सीतापाला पहुंच मार्ग पर भी श्रद्धालुओं द्वारा कांवड़ियों एवं उद्गम स्थल के दर्शन के लिए जाने वाले भक्तों के लिए प्रसाद की व्यवस्था की गई। यहां श्रद्धालुओं ने हलवा-पूड़ी सहित अन्य प्रसाद वितरित कर शिवभक्तों की सेवा की। जगह-जगह सेवा और भक्ति का यह भाव पूरे क्षेत्र को शिवमय बना रहा।

# कृत्रिम गर्भधान संबंधी उत्कृष्ट कार्य हेतु सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी अशोक नारनौरे सम्मानित

## स्वतंत्रता दिवस पर हुआ सम्मान..



**जगप्रेरणा लांजी।**
स्वतंत्रता दिवस पर्व-2026 के अवसर पर जिला मुख्यालय में आयोजित समारोह में विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमें पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग में कृत्रिम गर्भाधान (एआई) कार्य में उल्लेखनीय योगदान के लिए लांजी क्षेत्र के सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी अशोक नारनौरे को जिला कलेक्टर कुमार सत्यम एवं पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। अशोक नारनौरे को यह सम्मान पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान, प्रजनन प्रबंधन, नस्ल सुधार तथा पशुपालकों को समय पर पशु चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने में उनके निरंतर मैदानी प्रयासों के लिए दिया गया। उन्होंने लांजी क्षेत्र के ग्रामीण एवं दूरस्थ इलाकों में पशुपालकों से सतत संपर्क स्थापित कर पशुओं में गर्मी के लक्षणों की पहचान, समय पर कृत्रिम गर्भाधान और बेहतर पशुपालन संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया।

## लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन का मिला सम्मान..

कृत्रिम गर्भाधान कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अशोक नारनौरे को इससे पहले पशुपालन एवं डेयरी विभाग के प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव द्वारा 5 जून 2026 एवं 28 जुलाई 2026 को भी प्रशंसा-पत्र प्रदान किए जा चुके हैं। इसके बाद स्वतंत्रता दिवस समारोह में जिला स्तर पर मिला सम्मान उनके निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन, मेहनत और विभागीय दायित्वों के प्रति समर्पण को दर्शाता है।

कृत्रिम गर्भाधान पशुधन की नस्ल सुधारने, दुग्ध उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने तथा पशुपालकों की आय में वृद्धि का महत्वपूर्ण माध्यम है। इस दिशा में अशोक नारनौरे द्वारा किए गए मैदानी प्रयासों से क्षेत्र के पशुपालकों को समय पर प्रजनन सेवाएं उपलब्ध कराने में मदद मिली।

## अन्य विभागीय कार्यों में भी सक्रिय सहभागिता..

कृत्रिम गर्भाधान के अलावा अशोक नारनौरे पशु उपचार, टीकाकरण, पशु चिकित्सा शिविर, पशुपालक जागरूकता और अन्य विभागीय गतिविधियों में भी सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। क्षीर धारा ग्राम योजना, दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में भी उन्होंने सहयोग किया। ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों को पशु स्वास्थ्य, पोषण, टीकाकरण, प्रजनन एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी देने का कार्य भी किया गया।

सम्मान मिलने पर उपसंचालक डॉ. घनश्याम परते, विकासखंड पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रियांश वासनिक, एम.के. आसटकर, सौरभ उइके, 1962 मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई के स्टाफ सहित विकासखंड एवं जिला स्तर के अधिकारी-कर्मचारियों, मैत्री गौसेवकों एवं पशुपालकों ने अशोक नारनौरे को बधाई दी।

## लांजी के अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी सम्मानित..

स्वतंत्रता दिवस समारोह में लांजी क्षेत्र से विभिन्न विभागों के अन्य अधिकारी-कर्मचारियों को भी उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए। इनमें राजस्व विभाग से भूपेंद्र अहिरवार (राजस्व निरीक्षक), जनपद पंचायत से सुनीता तिवारी (पंचायत समन्वय अधिकारी), ग्राम पंचायत आवा से अनिल कामड़े (सचिव), मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद से संतोष नगपुरे (विकासखंड समन्वयक), नगर परिषद लांजी से संतोष भार्गव (लाइनमैन), विनोद तिवारी (सुपरवाइजर) एवं विनोद रहमतकर (राजस्व सहायक), पुलिस थाना लांजी से आरक्षक कमलेश विश्वकर्मा तथा सांदीपनि विद्यालय बोलेगांव के प्राचार्य बी.आर. गुरदे शामिल रहे।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लांजी क्षेत्र के इन अधिकारी-कर्मचारियों को मिला सम्मान उनके दायित्वों के प्रति समर्पण और बेहतर कार्य के लिए प्रोत्साहन के रूप में देखा जा रहा है।

# शासकीय बाला साहेब उमावि के विद्यार्थियों ने रैली निकाल कर मनाया 80 वां स्वतंत्रता दिवस





जगप्रेरणा लांजी।
***बाला साहब शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कारंजा में 15 अगस्त 2026 को 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास, देशभक्ति और गरिमामय वातावरण में मनाया गया।***

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य आर.के. घोरमारे ने की। समारोह की शुरुआत सुबह 7.30 बजे विद्यार्थियों की कतारबद्ध प्रभातफेरी से हुई। विद्यार्थियों ने देशभक्ति के नारों और जयघोष के साथ ग्राम पंचायत, बस स्टैंड एवं बाजार चौक का भ्रमण किया।

इसके बाद ध्वज स्थल पर ध्वज पूजन एवं वीर शहीदों के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वंदे मातरम् के गायन के पश्चात प्राचार्य आर.के. घोरमारे ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के साथ पूरा परिसर देशभक्ति के नारों से गूंज उठा। ध्वजारोहण के बाद विद्यार्थियों को मिठाई वितरित की गई। इसके पश्चात मां सरस्वती के छायाचित्र का पूजन कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। विद्यालय के शिक्षकों ने अतिथियों का स्वागत किया।

कु. महक बनाते ने हारमोनियम पर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थितजनों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को देशप्रेम, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की भावना से आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं प्राचार्य आर.के. घोरमारे ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम के अंत में वाय.के. रहांगडाले ने सभी अतिथियों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन आर.के. चौधरी ने किया। समारोह को सफल बनाने में पर्यावरण मित्र ईको क्लब, स्काउट-गाइड एवं रेडक्रॉस समूह के विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा।

इस अवसर पर रमेश नंदनवार, सहदेव नंदनवार, सुखदेव नंदनवार, माणिकलाल पांचे, श्रीमती चुटे, श्रीमती बूरांडे, श्रीमती डेकवारे सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सफलता में समस्त शिक्षक साथियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सावन मास में हरियाली का संदेश, मोक्षधाम में लगाए बरगद, नीम, पीपल के पौधे..



**जगप्रेरणा लांजी।**
श्रावण मास की पावन बेला में प्रकृति के प्रति आस्था और पर्यावरण संरक्षण की भावना को साकार करते हुए मोक्षधाम पालडोंगरी में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पौधारोपण कर हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर हेमंत कुमार कावड़े, मेहतर सोनवाने एवं लक्ष्मण यादव ने मोक्षधाम पालडोंगरी परिसर में बरगद, पीपल एवं नीम के पौधे लगाए। पौधारोपण के दौरान सभी ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने तथा अधिक से अधिक लोगों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं। पेड़-पौधों से हमें स्वच्छ वातावरण और शुद्ध वायु प्राप्त होती है। साथ ही, पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना तथा उनकी देखभाल करना हम सभी की जिम्मेदारी है। श्रावण मास में आयोजित इस वृक्षारोपण कार्यक्रम के माध्यम से समाज को 'वृक्ष लगाएं, पर्यावरण बचाएं और हरियाली बढ़ाएं' का संदेश दिया गया। उपस्थित लोगों ने भी पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों से अपील की गई कि वे केवल पौधे लगाने तक सीमित न रहें, बल्कि उन्हें वृक्ष बनने तक नियमित रूप से पानी दें और उनकी देखभाल करें। बरगद, पीपल और नीम जैसे वृक्ष प्रकृति एवं जीवन के अमूल्य आधार हैं।

# विद्या भारती बाल भाऊ देवरस स. शि. म. में स्वतंत्रता दिवस पर झांकिया रही आकर्षण का केंद्र..

## वार्षिक परीक्षा में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों का हुआ सम्मान..





जगप्रेरणा लांजी।
***विद्याभारती बाल भाऊ देवरस सरस्वती शिशु मंदिर आवासीय विद्यालय, कारंजा में स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन उत्साह एवं धूमधाम के साथ किया गया।***

कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम् राष्ट्रगीत के पश्चात तिरंगा फहराकर किया गया। इसके बाद घोष दल के साथ झांकी सहित प्रभात फेरी निकाली गई।विद्यालय परिसर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भैया-बहनों ने देशभक्ति से ओतप्रोत गीत, भाषण एवं अन्य प्रस्तुतियों में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर विद्यालय के व्यवस्थापक श्री सचिन अग्रवाल के सौजन्य से वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया-बहनों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष लालाराम नंदनवार, मंशाराम बिलथरे, हुलास जी पटले सहित अभिभावक, आचार्य परिवार एवं बड़ी संख्या में भैया-बहनों की उपस्थिति रही।

सभी भैया-बहनों ने आचार्य एवं दीदियों के कुशल मार्गदर्शन में अनुशासन का परिचय देते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम का संचालन रविन्द्र महारवाड़े एवं शौर्य छूटे ने किया। उपस्थित सभी महानुभावों एवं अतिथियों के प्रति आभार विद्यालय के प्राचार्य श्री चुन्नीलाल बोपचे ने व्यक्त किया। अंत में शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

मंडला जिले में हिन्दी दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
हेमंत नायक
मो. 88273 19933



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# शिकार की फिराक में घूम रहा आरोपी गिरफ्तार, सल्फास और कुल्हाड़ी बरामद

## कान्हा टाइगर रिजर्व के सुपखार परिक्षेत्र में वन अमले की कार्रवाई, वन अपराध दर्ज कर न्यायालय में किया पेश..



जगप्रेरणा मंडला।

***कान्हा टाइगर रिजर्व के सुपखार परिक्षेत्र में वन्यजीव शिकार के प्रयास को वन विभाग की टीम ने समय रहते विफल***

कर दिया। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर वन अमले ने कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को संदिग्ध परिस्थितियों में गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से सल्फास की एक पैकेट, सल्फास युक्त मिट्टी की दो गोलियां और एक कुल्हाड़ी बरामद की गई है। जानकारी के अनुसार 15 अगस्त 2026 को वन विभाग को सूचना मिली थी कि सुपखार बीट के कक्ष क्रमांक 282 में एक व्यक्ति वन्यजीव के शिकार की तैयारी में है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदिग्ध को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से शिकार में उपयोग किए जाने की आशंका वाली सामग्री बरामद हुई।

### आरोपी की हुई पहचान

गिरफ्तार आरोपी की पहचान तीरथ सिंह टेकाम पिता किशन सिंह टेकाम, निवासी ग्राम इंद्री, थाना मोतीनाला, तहसील बिछिया, उम्र 42 वर्ष के रूप में हुई है। आरोपी के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण दर्ज किया गया है। आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### वन अमले की सतर्कता से टला वन्यजीव अपराध

पूरी कार्रवाई क्षेत्र संचालक एवं उप संचालक कान्हा टाइगर रिजर्व के मार्गदर्शन में की गई। कार्रवाई में रेंज ऑफिसर अशोक रागडाले, वनपाल आसिफ कुरैशी, वनरक्षक सागर मरकाम, सुरक्षा श्रमिक नंदलाल,अघन सिंह सहित अन्य वन अमले की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

वन विभाग की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से संभावित वन्यजीव अपराध को समय रहते रोक लिया गया। कान्हा टाइगर रिजर्व में वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर वन अमले द्वारा लगातार गश्त और निगरानी की जा रही है।

# द्वादश ज्योतिर्लिंग में भक्तों ने लगाया 56 भोग, 31 हजार बेलपत्र चढ़ाए..

## सावन के तृतीय सोमवार को महिष्मति घाट स्थित मंदिर में हुआ भव्य महाभिषेक, सुबह से उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़..



जगप्रेरणा मंडला।

***सावन मास के तृतीय सोमवार को महिष्मति घाट स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में भगवान भोलेनाथ का भव्य महाभिषेक एवं विशेष पूजन-अर्चन किया गया।***

इस अवसर पर भगवान शिव को 56 प्रकार के भोग अर्पित किए गए, वहीं शिवलिंग पर 31 हजार बेलपत्र चढ़ाकर श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की।

सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। पूजन कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीगणेश मंगलकारिणी के आह्वान के साथ हुआ। इसके बाद भगवान शिव का जल, दुग्ध सहित विभिन्न पूजन सामग्रियों से अभिषेक किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पंडित सुभाष तिवारी ने विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ का पूजन संपन्न कराया।

महाभिषेक के दौरान बड़ी संख्या में शिवभक्तों ने श्रद्धाभाव से भगवान शिव को बेलपत्र अर्पित किए। धार्मिक मान्यता के अनुसार बेलपत्र भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है। इसी आस्था के साथ श्रद्धालुओं ने 31 हजार बेलपत्र चढ़ाकर भगवान भोलेनाथ से सुख, शांति, समृद्धि और परिवार की खुशहाली की प्रार्थना की।

### 20 वर्षों से चली आ रही परंपरा..

द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में सावन मास के दौरान महाभिषेक का आयोजन पिछले करीब 20 वर्षों से परंपरागत रूप से किया जा रहा है। इसी धार्मिक परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी सावन के तृतीय सोमवार को विशेष महाभिषेक आयोजित किया गया। 56 प्रकार के भोग लगाए जाने और 31 हजार बेलपत्र अर्पित किए जाने से शिवभक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. अशोक मर्सकोले, नीरज अग्रवाल, दीपक बैरागी, रोहित बघेल, अनिल कछवाहा, निर्भय सिंह ठाकुर, जॉनी राज, सोनिया सोनी, संध्या शिवहरे, सृष्टि श्रीवास, पूजा श्रीवास, चीकू, श्री बर्वे, श्री द्विवेदी, सत्येंद्र कुशवाहा, नरेश कछवाहा सहित समस्त शिव परिवार एवं सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता दिवस पर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने लहराया तिरंगा, राष्ट्र निर्माण का लिया संकल्प

## देशभक्ति के रंग में रंगा जिला कार्यालय, स्वतंत्रता सेनानियों को दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि..



जगप्रेरणा मंडला।

देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (जीजीपी) जिला मंडला के जिला कार्यालय में राष्ट्रीय पर्व पूरे उत्साह, गौरव और देशभक्ति के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं जिला अध्यक्ष प्रमोद नरेती ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराकर सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। ध्वजारोहण के बाद उपस्थित पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया तथा भारत की आजादी के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले अमर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। पूरे परिसर में भारत माता की जय, वंदे मातरम् और जय हिंद के नारों से देशभक्ति का वातावरण गूंज उठा।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रमोद नरेती ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल एक पर्व नहीं, बल्कि देश के वीर सपूतों के त्याग, संघर्ष और बलिदान को स्मरण करने का दिन है। उन्होंने कहा कि आज प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह संविधान, लोकतंत्र और राष्ट्रीय एकता की रक्षा में अपनी सक्रिय भूमिका निभाए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने देश की एकता, अखंडता, सामाजिक समरसता और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने युवाओं से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने, सामाजिक बुराइयों के खिलाफजागरूक रहने तथा विकास और जनहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। स्वतंत्रता दिवस समारोह में पार्टी के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर राष्ट्र की प्रगति, शांति और समृद्धि की कामना की तथा स्वतंत्र भारत को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प दोहराया।

# वांशिका कन्ट्रक्शन की पहल, मंत्री ने वितरित किए स्कूली बैग..



जगप्रेरणा मण्डला।

***स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शासकीय माध्यमिक शाला जंतीपुर में वांशिका कन्ट्रक्शन की ओर से अध्ययनरत करीब 250 विद्यार्थियों को स्कूली बैग वितरित किए गए।***

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे एवं पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके ने वांशिका कन्ट्रक्शन की पहल की सराहना करते हुए कहा कि संस्था पीड़ित मानवता की सेवा के लिए लंबे समय से कार्य कर रही है। जरूरतमंदों की समय-समय पर मदद करने के साथ ही कंपनी द्वारा प्रतिवर्ष विद्यार्थियों को बैग, कॉपी, किताबें एवं अन्य स्टेशनरी सामग्री उपलब्ध कराना सराहनीय पहल है। स्कूली बैग पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। मंत्री ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने सपनों को साकार करने के लिए निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के पूर्व अतिथियों ने मां सरस्वती का पूजन किया। इसके बाद मंत्री श्रीमती उइके ने जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विद्यार्थियों के बीच पंक्ति में बैठकर विशेष भोज में सहभागिता की। मंत्री को अपने बीच पाकर छात्र-छात्राओं में विशेष उत्साह और प्रसन्नता दिखाई दी। इस दौरान उन्होंने बच्चों से बातचीत कर उनके साथ सहज एवं आत्मीय संवाद भी किया।

कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं तथा ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत केहरपुर में हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के साथ मनाया गया देश का 80 वां स्वतंत्रता दिवस..





जगप्रेरणा केहरपुर, मंडला।

देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत केहरपुर में राष्ट्रीय पर्व बड़े हर्षोल्लास, उत्साह एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत क्षेत्र के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन शासकीय एकीकृत हाई स्कूल केहरपुर में किया गया, जहां सुबह ध्वजारोहण के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत हुई।

ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया तथा देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर शहीदों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धापूर्वक याद करते हुए उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम में स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास और देश की आजादी में महान विभूतियों के योगदान पर भी प्रकाश डाला गया।

इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बच्चों ने देशभक्ति गीत, समूह नृत्य, भाषण, कविता पाठ एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से देशप्रेम और राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। विद्यार्थियों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया और पूरे परिसर में देशभक्ति का माहौल बना रहा। कार्यक्रम के दौरान दर्शकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया।

ग्राम पंचायत केहरपुर के सरपंच श्री सतवंत उलारी ने अपने संबोधन में कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल एक राष्ट्रीय पर्व नहीं, बल्कि उन महान स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष, त्याग और बलिदान को याद करने का दिन है, जिनकी बदौलत आज हम स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करते हुए देश की एकता, अखंडता और विकास के लिए निरंतर कार्य करना चाहिए। साथ ही युवाओं और विद्यार्थियों से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकगण ने भी विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस के महत्व की जानकारी देते हुए देश के प्रति समर्पण, अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही एक सशक्त और विकसित भारत का निर्माण संभव है।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों एवं अभिभावकों की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही। सभी ने मिलकर राष्ट्र की प्रगति, सामाजिक सद्भाव, स्वच्छता, शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।


इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच श्री सतवंत उलारी, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण, ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि, ग्रामीणजन एवं बड़ी संख्या में स्कूल के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# आदिवासी अंचल के महाकौशल-छत्तीसगढ़ रेल क्रांति की ओर बड़ा कदम..

## पेंड्रा रोड-अमरकंटक-डिंडोरी-मंडला-गोटेगांव रेल कॉरिडोर के FLS हेतु विधायक मार्को ने रेल मंत्री को लिखा पत्र

जगप्रेरणा मंडला/अनूपपुर/डिंडोरी।

***मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के वनांचल एवं आदिवासी बहुल क्षेत्रों में रेल विकास की उम्मीदों को नई गति मिली है।***



फुन्देलाल सिंह मार्को
विधायक
दिनांक - 15-07-2026

पुष्पराजगढ़ विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र भेजकर प्रस्तावित पेंड्रा रोड-अमरकंटक-डिंडोरी-मंडला-गोटेगांव (श्रीधाम) रेल कॉरिडोर के अंतिम स्थान सर्वेक्षण **(Final Location Survey-FLS)** को तत्काल स्वीकृति देने तथा आवश्यक बजट आवंटित करने की मांग की है। करीब 406.2 किलोमीटर लंबी इस प्रस्तावित रेल परियोजना का प्रारंभिक टोह सर्वेक्षण **(RECT)** वर्ष 2015 में पूरा किया जा चुका है। यह रेल मार्ग बिलासपुर और जबलपुर के बीच की दूरी को लगभग 100 किलोमीटर तक कम करने के साथ-साथ मध्य भारत में एक वैकल्पिक एवं रणनीतिक रेल संपर्क उपलब्ध कराएगा।

विधायक मार्को ने अपने पत्र में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे **(SECR)** बिलासपुर द्वारा 9 जुलाई 2026 को जारी पत्र का उल्लेख करते हुए बताया कि बिलासपुर मुख्यालय एवं नागपुर मंडल दोनों ने परियोजना की सामाजिक और आर्थिक उपयोगिता को स्वीकार किया है। अब रेलवे बोर्ड और रेल मंत्रालय स्तर पर अंतिम स्वीकृति का इंतजार है।

### देश का पहला 'जंगल एवं इको-टूरिज्म रेल कॉरिडोर'..

प्रस्तावित रेल मार्ग को देश का पहला 'जंगल एवं इको-टूरिज्म रेल कॉरिडोर' माना जा रहा है। यह मार्ग नर्मदा उद्गम स्थल अमरकंटक, झोलेश्वर धाम, कान्हा राष्ट्रीय उद्यान, पेंच राष्ट्रीय उद्यान और अचानकमार टाइगर रिजर्व जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों को रेल नेटवर्क से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### रेल मंत्रालय से प्रमुख मांगें..

विधायक मार्को ने रेल मंत्रालय से निम्न मांगें की हैं– परियोजना के **FLS** की तत्काल स्वीकृति। **FLS** एवं **DPR** निर्माण के लिए आवश्यक बजट आवंटन। आदिवासी एवं वनांचल क्षेत्रों के आर्थिक और सामाजिक विकास को ध्यान में रखते हुए सकारात्मक निर्णय।

### विकास और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा..

इस रेल परियोजना के साकार होने से आदिवासी अंचल के हजारों लोगों को बेहतर परिवहन सुविधा, रोजगार के नए अवसर और पर्यटन आधारित आर्थिक गतिविधियों का लाभ मिलेगा। साथ ही महाकौशल और छत्तीसगढ़ क्षेत्र के बीच संपर्क और मजबूत होगा।

स्वतंत्र रेल एक्टिविस्ट नितिन सोलंकी ने कहा कि इस पहल से पूरे महाकौशल, नर्मदा और छत्तीसगढ़ क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं रेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल है। यदि **FLS** को मंजूरी मिलती है तो यह परियोजना मध्य भारत के रेल नेटवर्क में एक ऐतिहासिक उपलब्धि साबित हो सकती है।

# वंदे मातरम के कथित अपमान के विरोध में भाजपा का कैंडल मार्च, कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी..



जगप्रेरणा मंडला।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय आह्वान पर रविवार शाम मंडला में जिला भाजपा संगठन द्वारा कांग्रेस नेताओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए कैंडल मार्च निकाला गया। यह प्रदर्शन नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी **(AICC)** कार्यालय में कांग्रेस नेताओं द्वारा राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के कथित अपमान के विरोध में आयोजित किया गया।

भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में दीनदयाल उपाध्याय चौक पर एकत्रित हुए, जहां से हाथों में मोमबत्तियां लेकर कैंडल मार्च प्रारंभ किया गया। मार्च शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए उदय चौक पहुंचा, जहां राष्ट्रगीत वंदे मातरम के सामूहिक गायन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध दर्ज कराया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष पफुल्ल मिश्रा ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं पर राष्ट्रगीत के अपमान का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की शीर्ष नेतृत्व द्वारा वंदे मातरम का अनादर देश के राष्ट्रगौरव तथा करोड़ों भारतीयों की भावनाओं को आहत करने वाला है। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में राष्ट्रभक्ति और आत्मसम्मान का प्रतीक रहा है।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रगीत के सम्मान के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ भाजपा कार्यकर्ता और देशवासी स्वीकार नहीं करेंगे। भाजपा मंडला इस घटना की कड़ी निंदा करती है और राष्ट्रहित के मुद्दों पर सदैव सजग रहेगी।

कैंडल मार्च में जिला, मंडल एवं विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ, लेकिन कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफ अपना विरोध जोरदार तरीके से व्यक्त किया।



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# हाजरा फॉल पहुंचीं वर्षाबेन पटेल, स्वच्छता का संदेश देते हुए स्वयं उठाया प्लास्टिक कचरा..





जगप्रेरणा सालेकसा।

***सालेकसा तहसील की प्राकृतिक गोद में स्थित प्रसिद्ध हाजरा फॉल के सौंदर्य का आनंद लेने के लिए श्रीमती वर्षाबेन पटेल ने रविवार को हाजरा फॉल का दौरा किया।***

इस अवसर पर संयुक्त वन प्रबंधन समिति, नवाटोला तथा वन विभाग, सालेकसा की ओर से हाजरा फॉल परिसर में संचालित विभिन्न गतिविधियों की उन्हें विस्तृत जानकारी दी गई। परिसर में उपलब्ध साहसिक खेलों तथा छोटे बच्चों के लिए आयोजित विभिन्न मनोरंजनात्मक गतिविधियों की वर्षाबेन पटेल ने सराहना की।

हाजरा फॉल परिसर में स्वच्छता का संदेश देते हुए वर्षाबेन पटेल ने स्वयं प्लास्टिक कचरा एकत्र किया। उन्होंने उपस्थित नागरिकों से परिसर को स्वच्छ रखने तथा प्लास्टिक एवं अन्य कचरा खुले में न फेंकने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक सौंदर्य को बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। पर्यटन स्थलों की स्वच्छता और सुंदरता बनाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपना योगदान देना चाहिए। इस दौरान वर्षाबेन पटेल ने हाजरा फॉल पर उपस्थित नागरिकों, महिलाओं और दुकानदारों से आत्मीय संवाद किया तथा उनकी समस्याओं और अनुभवों की जानकारी ली।

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सालेकसा शहर अध्यक्ष ब्रजभूषण बैस, संयुक्त वन प्रबंधन समिति नवाटोला के अध्यक्ष गोविंद मरसकोल्हे, वन विभाग सालेकसा के राउंड ऑफिसर जे. जी. खान, वनरक्षक जी. एस. पाऊलझगड़े, वनरक्षक विनोद भांडारकर, वनरक्षक ए. एन. बारसे, ग्राम पंचायत सदस्य एवं समिति कर्मचारी ममता कोडवती, तालुका राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी युवती अध्यक्ष सुषमा राऊत, तालुका युवा उपाध्यक्ष ध्रुवकुमार हुकरे, संदीप राऊत, कु. प्रियंका ब्राह्मणकर, अंकुश सूर्यवंशी सहित अन्य नागरिक उपस्थित थे।

# आखिरकार एस. डी. आर. एफ और चिचगढ़ पुलिस के अथक प्रयासों के बाद मिला दूसरे युवक का भी शव..

## क्षेत्र में शोक की लहर.. फिर एक हादसे में खो दिये दो परिवारों ने अपने चिरागों को..





जगप्रेरणा आमगांव/देवरी।

***गोंदिया जिला प्राकृतिक रुप से संपन्न जिला है, जहां पर लोगों को घुमने फिरने और छुट्टियों का आनंद लेने के लिये अनेक प्राकृतिक एवं रमणीय स्थल है, जहां पर आए दिन लोग***

परिवार और दोस्तों के साथ पहुंच ही जाया करते हैं। इस स्थिति में अनेक मर्तबा युवा सेल्फी लेने के चक्कर में तो कहीं अधिक जोश में बड़ी गलती कर बैठते हैं, और पानी के झरनों, तालाबों और नदी नालों से खिलवाड़ करने के चलते उन्हें जान से हाथ धोड़ा पड़ता है। जिले में अनेक ऐसी घटनाएं होती रही है, तथा हर बार प्रशासन द्वारा चेतावनीयां जारी की है, तथा बार बार समझाईशें भी दी जाती है, लेकिन युवा गलती कर ही बैठते हैं, और इसी का परिणाम है कि एक बार फिर गोंदिया जिले के देवरी तालुका के पर्यटन स्थल ढासगढ़ के झरने में नहाने के लिये उतरे दो युवकों कृष्णा लक्ष्मण कापगते (22) और हेतराम गुलाब सयाम (25) के बह जाने के चलते उनकी मृत्यु हो गई। इस घटना के बाद से जहां समूचे क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया है, वहीं दोनों युवकों के परिवारजनों का रो रोकर बुरा हालहै।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस दिन शनिवार को करीब 3:30 बजे ढासगढ़ के झरने में नहाने के लिये दोनों युवक उतरे थे। दोनों युवक बोपावाडी, तहसील सड़क अर्जुनी के निवासी बताए गए हैं, जिनके झरने के तेज बहाव में बह जाने के कारण पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद दोनों युवकों की तलाश शुरू की गई। हालांकि, देर शाम तक दोनों के शव 15 अगस्त को बरामद नहीं हो सके थे।अंधेरा होने के कारण बचाव एवं खोज अभियान में कठिनाई उत्पन्न हुई होने की स्थिति में 16 अगस्त रविवार को सुबह से खोज अभियान शुरु किया गया, तथा सुबह 9:00 बजे एक युवक कृष्णा कापगते (21) का शव बरामद हुआ, जिसके शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया एवं दुसरे युवक की खोज तेजी से की गई। एसडीआरएफ टीम, स्थानीय मछुआरे एवं चिचगड पुलिस तेजी से दुसरे युवक का शव ढुढंने में लगी रही। चिचगड पुलिस निरक्षक जर्नादन हेगडकर पुरी स्थिति पर लगातार नजर बनाये रखते डटे रहे, जिससे कि आखिरकार अनेक कठिनाईयों का सामना करते हुए भी दुसरे लापता युवक हेतराम सयाम का शव आज सोमवार 17 अगस्त को सुबह 9:45 बजे लगभग मिलने में सफलता प्राप्त हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 45घंटे बाद हेतराम गुलाब सयाम (25) का शव घटनास्थल से करीब 3 किमी दुरी पर मिल सका, जिसके बाद चिचगड पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम एवं अन्य कानुनी प्रक्रिया पुर्ण करने के बाद अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंप दिया गया।



### बोले जनार्दन हेगड़कर..

चिचगड पुलिस थाने के निरीक्षक जनार्दन हेगड़कर ने जगप्रेरणा को बताया कि जब यह घटना घटित हुई, उसके बाद तत्काल आपदा प्रबंधन विभाग के मार्गदर्शन में चिचगढ़ पुलिस एवं एसडीआरएफकी टीम के साथ अनेक बचाव कर्मियों और मछुआरों की भी मदद ली गई। काफी मशक्कत के बाद दूसरे युवक का तीन किलोमीटर दूर शव मिल सका। शव प्राप्त होने के बाद परिवारजनों को सौंप दिया गया।

### जलप्रपातों से खिलवाड़ ना करें..

पुलिस निरीक्षण श्री हेगड़कर ने कहा कि एक बार फिर इस घटना से सबक लेने की अपील पुलिस विभाग करता है। हमारी नागरिकों को सलाह है कि वे जलप्रपातों, तालाबों, नदीयों, जंगलों आदि क्षेत्र में जब भी सैर सपाटे के लिये पहुंचें तो किसी भी तरह से जोखिम ना लें, ऐसे में धोखा होने की संभावना बनी रहती है। श्री हेगड़कर ने कहा कि गोंदिया जिला पुलिस विभाग नागरिकों से सावधान रहने की और व्यर्थ जोखिम नहीं लेने की अपील करता है।

# 80 वें स्वतंत्रता दिवस पर कल्पनाताई वालोदे की निधि से छात्रों के लिए शेड का निर्माण..

## छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए सुविधाएं प्रदान करने का संकल्प..



जगप्रेरणा देवरी।

80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला परिषद वरिष्ठ प्राथमिक विद्यालय, मरामजोब में छात्रों के मध्याह्न भोजन (मिड-डे मील) और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए निर्मित नए शेड का भव्य उद्घाटन समारोह उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। क्षेत्र की जिला परिषद सदस्या कल्पनाताई नितेश वालोदे की व्यक्तिगत जिला परिषद स्थानीय विकास निधि से इस शेड का निर्माण कराया गया है। छात्रों को दोपहर के भोजन के समय बैठने के लिए और स्कूल में आयोजित होने वाले विभिन्न सांस्कृतिक तथा शैक्षणिक कार्यक्रमों के लिए एक सुरक्षित, सुविधाजनक और उपयुक्त व्यवस्था उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कल्पनाताई वालोदे ने कहा, 'छात्रों के सर्वांगीण विकास के दृष्टिकोण से न केवल शिक्षा, बल्कि स्कूल में बेहतर सुविधाएं विकसित करना भी हमारा संकल्प है। आज तक स्कूल को हर संभव सहयोग दिया गया है और आगे भी स्कूल तथा छात्रों की प्रगति के लिए पूरा सहयोग देने की भूमिका निभाऊंगी।'

इस कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पूर्व छात्रों के संघ का पुनर्गठन भी किया गया। इस समारोह में अमरावती के पुलिस हवलदार धीरज राउत, सामाजिक कार्यकर्ता पुरुषोत्तमजी कोरे, राजा शाहारे, स्कूल प्रबंधन समिति की अध्यक्षा मंगलाताई शेंडे, तंटामुक्त अध्यक्ष हिंडामे, पूर्व सरपंच योगिताताई कोरे, तोशीस धरमशहारे, चंद्रशेखर राउत, शिशुपाल सोनुले, देवाभाऊ मांदाडे, संजय बोरसरे सहित क्षेत्र के अनेक सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें
संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

# राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी द्वारा कांवड़ यात्रा का ठंडे पेय से किया स्वागत..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***प्रत्येक वर्ष के अनुसार एक वर्ष भी श्रावण मास एवं नागपंचमी के शुभ अवसर पर ग्राम टेमनी के सैकड़ों भक्त गण द्वारा रजेगांव से जल लाकर टेम्नी ग्राम ले जाया गया।***

यात्रा में ग्राम कटंगी कला में स्थित महराजा फैमिली ढाबा रेस्टोरेंट के सामने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी द्वारा सभी कावड़ियों एवं भक्त जनों का ठंड पेय पिलाकर स्वागत किया गया जिसका सैकड़ों पुरुष महिलाएं बच्चे ने लाभ लिया। इस अवसर पर भू पु पंचायत समिति सदस्य अखिलेश सेठ, जिला परिषद सदस्य सौ पूजा सेठ, वरिष्ठ सम्माननीय प्रेम नागपुरे, शिवलाल नेवारे, टेमनी के सरपंच योगेश पटले, जीवन दमाहे, तिलक पटले, राजू नागपुरे, आकाश नन्दने, नरेश तिवारी, मनिष राऊत, धर्मेंद्र टेकाम, महेश राऊत, कैलास पटले, दिलीप लिल्हारे, विनोद मेश्राम, धनंजय चौधरी, सूर्यप्रकाश पटले, सुनील मारबदे, किशोर पटले, महेंद्र मेश्राम, सुरेंद्र मेश्राम, वीरेंद्र किरणापुरे, डिलेस कटरे, भूमेश्वर गायधने, नरेश गायधने, छगन नेवारे, मदन नेवारे, लक्षमन नेवारे, कन्हैया रहांगडाले, सुरेंद्र पारधी, संतोष पडेले, पिंटू बरेले, सोनू बरेले, पंचशीला नांदणे, दुर्गाबाई नांदणे, व समस्त गावकरी मंडळी टेमनी।

# गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

## मै मिल्ट्री जवान हु मुझे एक खुन माफ है, बोलकर की मारपीट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के तिरोडा पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 15/8/2026 के शाम 5 बजे के दरम्यान कवलेवाडा मे फर्यादी अपने खेती का काम करके घर वापस आ रहा था। आते समय आरोपी ने रोककर खेती के पुराने विवाद पर कहा मै मिल्ट्री जवान हु मुझे एक खुन माफ है बोलकर लकड़ी से मारपीट की और जान से मारने की धमकी देने से दिये शिकायत पर पोस्टे तिरोडा मे अपराध क्रमांक 778/2026 धारा 118,1, 351,3,352, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा मडावी 1548 पोस्टे तिरोड़ा कर रहे है।

## बंद मकान से अज्ञात चोर ने उडाये नगदी और गहने मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के ग्रामीण पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 15/8/2026 के रात खमारी मे फर्यादी सौ लक्ष्मी सुधिर अग्रवाल उम्र 46 वर्ष निवासी खमारी के मकान से अज्ञात चोर ने मकान मे प्रवेश कर अलमारी से नगदी 60 हजार और सोने चांदी के गहने कुल 2 लाख 60 हजार का माल चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे गोंदिया ग्रामीण मे अपराध क्रमांक 472/2026 धारा 331,4,305, अ, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोऊपनी राहुल खारकर पोस्टे गोंदिया ग्रामीण कर रहे है।

## दुकान के सामने से अज्ञात चोर ने उडाई ज्युपिटर मोपेड मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के रामनगर पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 15/8/2026 के दोपहर 3 बजे के दरम्यान रेलटोली रेल्वे स्टेशन रोड पर फर्यादी हर्ब सुधिर गुप्ता उम्र 24 वर्ष अपनी ज्युपिटर गाडी से दुध डेयरी मे आये उन्होंने अपनी गाडी दुकान के सामने रखी रात 11 बजे उन्हे कही जाने का काम पडा तो वो बाहर निकले और देखा की गाडी वहा नही थी। घटना समय के दरम्यान अज्ञात चोर ने ज्युपिटर मोपेड किमत 30 हजार रुपये की चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे रामनगर मे अपराध क्रमांक 475/2026 धारा 303,2, भारतीय न्याय संहीता 2023 के तहत दर्ज कर जॉच पोहवा पाचे 384 पोस्टे रामनगर कर रहे है।

## घर से बाहर गये युवक की दुसरे दिन मिली लाश मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के दवनीवाडा पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 15/ 8/ 2026 को दोपहर 3 बजे बिरसी मे योगेन्द्र काशीराम भोयर उम्र 50 वर्ष निवासी रायपुर यह घर से शौच के लिये जाता हु बोलकर निकले उसके बाद नही आये इधर उधर खोजबिन करने के बाद भी नही मिले, दुसरे दिन दोपहर 2 बजे लोगो से पता चला की गाव के बाहर नाली के पास एक युवक गिरा है, फर्यादी ने जाकर देखी तो वह योगेन्द्र था। शराब के नशे मे पैर फिसलकर गिरने से उसकी मौत हुई है फर्यादी के दिये बयान पर पोस्टे दवनीवाडा मे अकस्मात मौत क्रमांक 10/2026 धारा 194, बी एन एस एस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच पोहवा गुलाबदास बोरकर पोस्टे दवनीवाडा कर रहे है।

# स्वतंत्रता दिवस पर युवा फिलाटेलिस्ट अथर्व चंद्रकांत भुजाड़े का भव्य सत्कार

## पालकमंत्री इंद्रनीलजी नाईक एवं राज्यसभा सदस्य राजेंद्रजी जैन के हाथों हुआ सम्मान..



प्रा राकेश रोकडे जगप्रेरणा सालेकसा।

***स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर गोंदिया के युवा फिलाटेलिस्ट अथर्व चंद्रकांत भुजाड़े का अंतरराष्ट्रीय फिलाटेलिक क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए विशेष सत्कार किया गया।***

गोंदिया जिले के माननीय पालकमंत्री श्री इंद्रनीलजी नाईक एवं माननीय राज्यसभा सदस्य श्री राजेंद्रजी जैन के हाथों अथर्व का सम्मान किया गया।

अथर्व ने **AMSIPEX-26** अंतरराष्ट्रीय एयरो एवं एस्ट्रोफिलाटेलिक प्रदर्शनी मे **AIRGRAPH and V-MAILÑ Microfilm Mail of World War II** विषय पर अपना शोधपरक प्रदर्शन प्रस्तुत किया था। 14 से 22 फरवरी 2026 के दौरान आयोजित इस प्रदर्शनी में उनके प्रदर्शन को **Youth Class** में 88 अंक प्राप्त कर **Gold Medal**(स्वर्ण पदक) हासिल हुआ।

इस उल्लेखनीय उपलब्धि का **World Records India** द्वारा भी संज्ञान लिया गया। अंतरराष्ट्रीय फिलाटेलिक प्रदर्शनी की **Youth Class** मे **Gold Medal** प्राप्त करने वाले सबसे कम उम्र के फिलाटेलिस्ट के रूप में अथर्व का नाम दर्ज किया गया। इतनी कम उम्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हासिल की गई यह उपलब्धि गोंदिया जिले के लिए गौरव की बात है।

### द्वितीय विश्व युद्ध के डाक इतिहास पर शोध..

पुरस्कार प्राप्त प्रदर्शन में **Airgraph** और **V-Mail** जैसी द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान उपयोग की जाने वाली विशेष डाक संचार प्रणालियों का इतिहास प्रस्तुत किया गया है। युद्धकाल में सैनिकों और उनके परिवारों के बीच पत्राचार को सुविधाजनक बनाने में इन प्रणालियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही थी।

माइक्रोफिल्म तकनीक के माध्यम से पत्रों के आकार और वजन को कम कर उन्हें भेजने की इस अभिनव व्यवस्था को विभिन्न दस्तावेजों एवं फिलाटेलिक सामग्री के माध्यम से प्रदर्शनी में शोधपरक ढंग से प्रस्तुत किया गया। इस प्रदर्शन में डाक इतिहास, सैन्य इतिहास, एयरोफिलाटेली तथा संचार तकनीक का सुंदर समन्वय देखने को मिलता है। अथर्व के इस शोधपरक कार्य से युवा पीढ़ी को इतिहास और डाक विरासत के अध्ययन के लिए प्रेरणा मिलती है।

### युवा प्रतिभा का सम्मान..

स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व पर हुआ यह सम्मान विशेष महत्व रखता है। पालकमंत्री इंद्रनीलजी नाईक एवं राज्यसभा सदस्य राजेंद्रजी जैन ने युवा फिलाटेलिस्ट अथर्व की मेहनत, अध्ययनशीलता, शोध कार्य एवं उल्लेखनीय सफलता की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। अथर्व की यह सफलता केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे गोंदिया जिले के लिए गौरव की बात और युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी उदाहरण है। इतिहास, संस्कृति, डाक विरासत और फिलाटेली जैसे क्षेत्रों में युवाओं को आगे आने के लिए प्रोत्साहित करने में ऐसी उल्लेखनीय उपलब्धियों को मिलने वाला सम्मान निश्चित रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित यह सत्कार युवा प्रतिभा, शोध, इतिहासप्रेम और समर्पण के सम्मान का प्रतीक बन गया।

# कुड़वा जिला परिषद क्षेत्र में ध्वजारोहण एवं पुरस्कार वितरण समारोह..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***स्वंत्रता दिवस के अवसर पर भू पु समाज कल्याण सभापति एवं जिला परिषद सदस्य सौ पूजा अखिलेश सेठ (धुर्वे)ने विविध स्थानो***

पर ध्वजारोहण किया एवं उसके पश्चात स्व. अजित दादा पवार इनके जयंती निमित्त विविध स्पर्धाओं का आयोजन किया गया था, जिसमें रंगोली स्पर्धा, चित्रकला स्पर्धा, निंबध स्पर्धा, विद्यार्थियों के लिये रखी गई थी, प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आए विजेताओं को सौ पूजा सेठ एवं मान्यवर के हस्ते पुरस्कार वितरण किया गया। निम्न स्थानों में प्रमुख रूप से मान्यवर रावणवाडी समिती सदस्य लांजेवार जी, मेडिकल ऑफिसर पायल रहांगडाले मॅडम, गजभिये सर, गौतम सरकार जी, **CHO, ANM,** कर्मचारी कुड़वा क्षेत्र जिला परिषद शाला सरपंच बालकृष्ण पटले, प. स सदस्य राहुल मेश्राम, उप सरपंच कमल फरदे, कीर्तिताई पटले, पायल ताई बागडे, पन्नालाल डहारेजी, सुमित जगनीत जी, डॉ. नेहा टेंभरे इतर, कटंगी कला जि प शाला, विमल ताई विद्यालयट्ठ विनोद बिसेन प स सदस्य, सौ मोहनी वराडे, सरपंच, अखिल सिंग ठाकुर उपसरपंच, नंदू भाऊ बिसेन, डॉ तूरकर, प्रेम नागपुरे,.रविकलाताई नागपूरे, मुमताज जीबेगम पठान, अर्चना ताई चौधरी, डॉ. ठाकूर मॅडम, अंगणवाडी सेविका, इतर स्व शोभा देवी महाविद्यालय टेमणी, सरपंच योगेशजी पटले, भु.पू.सरपंच शिवलाल भाऊ नेवारे, मुख्याध्यापक रहांगडाले जी, शाळेचे शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित थे।

# तीसरी स्टेट लेवल चैंपियनशिप के लिए डिस्ट्रिक्ट टीम का सिलेक्शन टेस्ट बुधवार को..

सिलेक्शन टेस्ट बोदलकसा डैम, तह.तिरोडा में होगा।

जगप्रेरणा देवरी।

महाराष्ट्र ड्रैगन बोट और ट्रेडिशनल वॉटर स्पोर्ट एसोसिएशन मिलकर जो तीसरी स्टेट लेवल ड्रैगन बोट चैंपियनशिप 2026-27 करवा रहे हैं, उसके लिए ड्रैगन बोट गेम की डिस्ट्रिक्ट लेवल टीम का सिलेक्शन टेस्ट बुधवार (ता. 19 अगस्त) को बोदलकसा डैम, तह. तिरोडा, डिस्ट्रिक्ट गोंदिया में होगा।

इसलिये, डिस्ट्रिक्ट एसोसिएशन के प्रेसिडेंट और सेक्रेटरी की तरफ से पब्लिक निवेदन किया जा रहा है कि गोंदिया डिस्ट्रिक्ट से ज़्यादा से ज़्यादा खिलाड़ी हिस्सा लें। ज़्यादा जानकारी के लिए इस मोबाइल नंबर 9852385555 पर कॉन्टैक्ट करने को कहा गया है।

अंकुर टेस्ट ट्यूब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाएं..
टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF ET)
इक्सी टेस्ट ट्यूब बेबी (ICSI)
(IUI) आय.यू.आय.
अधिक उम्र में मातृत्व
ओव्हम डोनेशन द्वारा
बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
पुरुष बंधत्व निदान व उपचार
शुक्राणु बैंक सुविधा
सोनोग्राफी
हार्मोस की जांच
हार्मोस की गड़बड़ी की ईलाज
दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस
अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस
प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754



जग प्रेरणा live गोंदिया भंडारा
● आमगांव ● गोरेगांव ● सड़क अर्जुनी ● देवरी ● सालेकसा ● अर्जुनी मोरगांव ● तिरोड़ा ● लाखांदुर ● साकोली

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

# गोंदिया नगर परिषद की नई बिल्डिंग स्व. मनोहर भाई पटेल के नाम पर होगी - नगराध्यक्ष सचिन शेंडे

**सांसद राजेन्द्र जैन की उपस्थिति मे गोंदिया नगर परिषद मे दी गई स्व. मनोहरभाई पटेल को श्रद्धांजली..**

**ऐसे स्वनामधन्य नेता जो हमेशा गोंदिया भंडारा के लिये पूजनीय बने रहेंगे - बोले सचिन शेंडे**







**जगप्रेरणा गोंदिया।** आज 17 अगस्त के ही दिन अचानक गोंदिया भंडारा जिले पर ऐसा वज्रपात हुआ, जिसने गोंदिया जिले के पितृपुरुष और इस जिले के वास्तविक रचनाकार जिन्होंने शिक्षा एवं उद्योग से जिले को समृद्ध बनाते हुए एक ऐसा आकार दिया, जिसके परिणामस्वरु आज गोंदिया जिले की राष्ट्रीय स्तर पर पहचान है, और राज्य के सबसे अंतिम कोने

पर होने के बाद भी गोंदिया जिला विकास की तीव्र रफ्तार से दौड़ रहा है, जो वास्तव में स्व. मनोहरभाई पटेल के पुरुषार्थ और उनके प्रयासों के कारण। गोंदिया जिले के ऐसे पितृपुरुष स्व. मनोहरभाई पटेल की पुण्यतिथि के अवसर पर गोंदिया नगर परिषद में श्रद्धांजली कार्यक्रम का आयोजन सांसद राजेन्द्र जैन की अध्यक्षता में सुबह 10.30 बजे आयोजित किया गया।

इस अवसर पर सांसद राजेन्द्र जैन, नगर परिषद अध्यक्ष सचिन शेंडे, मुख्याधिकारी संदीप बोरकर, नगर परिषद नियोजन सभापति निर्मला मिश्रा, कांग्रेस गटनेता राकेश ठाकुर, नगर सेवक पंकज यादव, चंद्रकुमार चुटे, अमर रंगारी, लोकेश यादव, अजय अग्रवाल तथा सभी दलों के नेता व गणमान्य नागरिक, नगर परिषद के विभाग प्रमुख, अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम गोंदिया नगर परिषद में स्थित स्व. मनोहरभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजली अर्पित की गई। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने स्वर्गीय मनोहरभाई पटेल के सामाजिक, शैक्षणिक एवं सार्वजनिक जीवन में दिए गए योगदान तथा समाज के लिए किए गए विभिन्न कार्यों का उल्लेख करते हुए उनकी स्मृतियों को याद किया।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने स्वर्गीय मनोहरभाई पटेल के कार्यों को नमन करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। नगर परिषद प्रशासन की ओर से कार्यक्रम में उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले सभी गणमान्य व्यक्तियों, नगरसेवकों, विभिन्न दलों के नेताओं, नागरिकों, विभाग प्रमुखों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया गया।

## बोले सांसद राजेन्द्र जैन..

सांसद राजेन्द्र जैन ने स्व. मनोहरभाई पटेल को श्रद्धांजली देते हुए कहा कि एक कर्मवीर के रुप में मनोहरभाई ने इस धरती पर युगपुरुष के रुप में जन्म लिया। उन्होंने कड़ी मेहनत से एक मुकाम हासिल किया, उनके जीवन में उनकी स्वयं की प्रगति और जिले में रोजगारमूलक बीड़ी उद्योग को नया आयाम देने की उनकी सफलता जहां अपने आप में एक मिसाल है, वहीं मनोहरभाई ने जिस तरह से गोंदिया भंडारा जिले की शैक्षणिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त करते हुए गोंदिया एजुकेशन सोसायटी की स्थापना की, उसके बलबूते आज गोंदिया जिला की पहचान है।

सांसद राजेन्द्र जैन ने कहा कि उनका सौभाग्य है कि उन्हें स्व. मनोहरभाई पटेल और सांसद प्रफुल पटेल की छांव में कार्य करने का अवसर जीवन में प्राप्त हुआ।

## बोले सचिन शेंडे..

नगर परिषद अध्यक्ष सचिन शेंडे ने कहा कि स्व. मनोहरभाई पटेल गोंदिया नगर परिषद के अध्यक्ष पद भी कार्यरत रहे, और मेरा सौभाग्य है कि जिस पद पर स्व. मनोहरभाई ने कार्य किया, उस पद पर मुझे भी सेवा का अवसर प्राप्त हुआ है।

सचिन शेंडे ने आगे कहा कि स्व. मनोहरभाई का गोंदिया भंडारा जिले के लिये दिया गया योगदान कभी नहीं भूलाया जा सकता। मनोहरभाई गोंदिया जिले के पितृपुरुष थे, और जिले के बच्चे बच्चे के लिये वे पूजनीय हैं। आज मनोहरभाई की पुण्य स्मृति में मैं इस बात की घोषणा करता हूं कि स्व. मनोहरभाई के कार्य एवं सामाजिक योगदान की स्मृति आने वाली पीढ़ियों तक बनी रहे, इसके लिए नगर परिषद गोंदिया की प्रस्तावित नई इमारत को स्वर्गीय मनोहरभाई पटेल का नाम देने का प्रस्ताव आगामी नगर परिषद की आमसभा में रखा जाएगा। उन्होंने सभी नगरसेवकों से इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से मंजूरी देने का आग्रह किया।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सुखदेव अग्रवाल की भव्य प्रतिमा का अनावरण समारोह 02 सितम्बर को..

**जगप्रेरणा गोंदिया।** ***भारत की गुलामी के दौर में भारत के वीर सपूतों ने अनेक प्रकार से संघर्ष करते हुए अंग्रेज सरकार से लड़ाई लड़कर जेल यातनाएं सहकर भी इस देश को गुलामी के बंधनों से मुक्त कराया। भारत की आजादी के लिये अपना योगदान देने वाली***




वीर सपूतों में गोंदिया शहर के वीर सपूत सम्माननीय सुखदेव जी अग्रवाल ने भी अपना सर्वस्व न्यौछावर किया हुआ था। गुलाम भारत में 2 सितम्बर 1901 को जन्मे सुखदेव जी अग्रवाल गांधी जी के सत्याग्रह आंदोलन से जुड़े तथा स्वतंत्रता संग्राम में शामिल होने के कारण उन्हें 06 बार जेल यातनाएं भी सहन करनी पड़ी। अपने दौर में उन्होंने सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन के लिये भी संघर्ष किया, तो वहीं दीन हीन जरुरतमंदों की दिल खोलकर मदद भी की, इसी के साथ उनकी नेतृत्व क्षमता के चलते वे 1956 से 1962 तक विधायक भी रहे, और गोंदिया जिले के विकास के लिये अथक प्रयास किये।

**सांसद प्रफुल पटेल, राजेन्द्र जैन, विधायक विनोद अग्रवाल, डॉ. परिणय फुके, पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल की उपस्थिति मे होगा भव्य समारोह..**

**मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान एवं जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवारों का भी होगा अभिनंदन..**

**प्रेस कॉन्फ्रेंस मे स्व. सुखदेव जी अग्रवाल परिवार के सचिन अग्रवाल, शिवा अग्रवाल एवं अपूर्व अग्रवाल ने दी जानकारी..**

भारत की आजादी के ऐसे महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व.सुखदेव जी अग्रवाल की 125 वीं जयंती के अवसर पर स्थानीय एस.एस. गर्ल्स कॉलेज में उनकी प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम समारोहपूर्वक किया जा रहा है, तथा इस अवसर पर स्वतंत्रता आंदोलन में स्व. सुखदेव जी अग्रवाल के योगदान की जीवंत प्रदर्शनी भी लगाई जा रही है तथा गोंदिया जिले के मेधावी विद्यार्थीयों का सत्कार एवं गोंदिया जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानीयों के परिवारों का भी सत्कार किया जायेगा। इस बात की जानकारी एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दिनांक 16 अगस्त को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. सुखदेव जी अग्रवाल के परिवार के सदस्य उनके पौत्र सचिन अग्रवाल, शिवा अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल एवं ओजस्वी वक्ता अपूर्व अग्रवाल ने दी।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में अग्रवाल बंधुओं ने बताया कि 02 सितम्बर को स्व. सुखदेव जी अग्रवाल की 125 वीं जयंती है, इस उपलक्ष्य में उनकी प्रतिमा अनावरण का कार्यक्रम समारोहपूर्वक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें कार्यक्रम के उद्घाटक के रुप में पूर्व केन्द्रिय मंत्री सांसद प्रफुल पटेल, सांसद राजेन्द्र जैन, डॉ. परिणय फुके, विधायक विनोद अग्रवाल, विधायक विजय राहंगडाले, विधायक राजकुमार बडोले, विधायक संजय पुराम एवं गोंदिया नगर परिषद के अध्यक्ष सचिन शेंडे भी प्रमुख रुप से उपस्थित रहेंगे। इस समारोह को सफल बनाने की अपील स्व. सुखदेव जी अग्रवाल परिवार ने समस्त गोंदिया नगर वासियों से की है।

## गोंदिया पुलिस की अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

# 12 लाख से अधिक का माल जब्त, 02 आरोपी गिरफ्तार

**जगप्रेरणा गोंदिया।** ***स्थानीय अपराध शाखा, गोंदिया की टीम ने अवैध शराब परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मध्यप्रदेश से अवैध रूप से शराब की तस्करी कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से रॉयल स्टैग व्हिस्की, किंगफिशर बीयर, एक विटारा ब्रेजा कार और एप्पल कंपनी***



का आईफोन मोबाइल सहित कुल 12,00,980 रुपये का माल जब्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे एवं अपर पुलिस अधीक्षक अभय डोंगरे के निर्देशानुसार जिले में तथा अन्य राज्यों से होने वाले अवैध शराब परिवहन के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में स्थानीय अपराध शाखा के पुलिस निरीक्षक रेवचंद सिंगनजुडे के मार्गदर्शन में पुलिस टीम 16 अगस्त 2026 को सालेकसा थाना क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम को गोपनीय एवं विश्वसनीय सूचना मिली कि टेभुटोला से पिपरिया मार्ग के रास्ते एक चारपहिया वाहन में मध्यप्रदेश से बिना पास-परमिट अवैध शराब का परिवहन किया जाने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने टेभुटोला-पिपरिया मार्ग पर जाल बिछाया और एक सफेद रंग की चारपहिया कार को रोककर उसकी तलाशी ली।

वाहन में सवार दो व्यक्तियों की पहचान संजय सदाशिव राऊत (51), निवासी श्रीराम कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 6, बोरगांव मेघे, जिला वर्धा तथा योगेश गोपाल पांडे, निवासी बोरगांव मेघे, जिला वर्धा के रूप में हुई। वाहन की पिछली डिक्की की तलाशी लेने पर पांच खाकी रंग के बॉक्स में रॉयल स्टैग कंपनी की 180 मिलीलीटर वाली अंग्रेजी शराब बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वे टेभुटोला स्थित एक मकान में शराब एवं बीयर रखकर उसे मध्यप्रदेश के लांजी बाजार से खरीदते थे। मध्यप्रदेश के स्टिकर हटाकर उस पर फर्जी ÷स्ड्डद्धड्डह्लड्डह्यद्ध-ह्लस्ड्ड स्ह्लड्डह्लद्ग ह्ठ्ठद्य4÷ के स्टिकर लगाकर शराब को ब्रेजा कार के माध्यम से वर्धा ले जाने की योजना थी। पुलिस ने कार और मकान से रॉयल स्टैग व्हिस्की एवं किंगफिशर बीयर के 34 बॉक्स में कुल 695 नग, जिसकी कीमत 2,73,910 रुपये, एक विटारा ब्रेजा कार जिसकी कीमत 8 लाख रुपये, एक एप्पल आईफोन मोबाइल जिसकी कीमत 50 हजार रुपये तथा फर्जी स्टिकर एवं अन्य सामग्री जिसकी कीमत 77,070 रुपये है, जब्त की। इस प्रकार कुल 12,00,980 रुपये का माल जब्त किया गया। दोनों आरोपियों संजय सदाशिव राऊत और योगेश गोपाल पांडे के खिलाफ सालेकसा पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता एवं महाराष्ट्र शराबबंदी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक गोंदिया गोरख भामरे एवं अपर पुलिस अधीक्षक अभय डोंगरे के मार्गदर्शन में स्थानीय अपराध शाखा के पुलिस निरीक्षक रेवचंद सिंगनजुडे के नेतृत्व में पुलिस हवलदार विठ्ठलप्रसाद ठाकरे, संजय चव्हाण, सोमेंद्रसिंह तुरकर, सुबोध कुमार बिसेन, इंद्रजीत बिसेन तथा पुलिस सिपाही हंसराज भांडारकर ने की।

# श्रमिक पत्रकार संघ, गोंदिया की ओर से 'तिलक गौरव पुरस्कार' समारोह उत्साहपूर्वक संपन्न..

**पत्रकार कल्याण के लिए शासन प्रतिबद्ध - पालकमंत्री इंद्रनील नाईक**



**जगप्रेरणा गोंदिया।** श्रमिक पत्रकार संघ, गोंदिया की ओर से प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की स्मृति में पत्रकारिता, सामाजिक, चिकित्सा एवं शैक्षणिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले गणमान्य व्यक्तियों तथा मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। इस भव्य समारोह में पालकमंत्री इंद्रनील नाईक के हाथों विभिन्न पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पालकमंत्री इंद्रनील नाईक ने पत्रकारों के कल्याण के लिए शासन की ओर से हरसंभव सहायता किए जाने का ठोस आश्वासन दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रमिक पत्रकार संघ के अध्यक्ष हाजी अल्ताफभाई शेख ने की। इस अवसर पर मंच पर सांसद राजेंद्र जैन, विधायक विनोद अग्रवाल, पूर्व जि.प. सभापति संजय टेंभरे, कांग्रेस नेता अमर वराडे, नगराध्यक्ष सचिन शेंडे तथा जि.प. सभापति दीपा चंद्रिकापुरे सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

पुरस्कार समारोह में इस वर्ष का प्रतिष्ठित जीवन गौरव तिलक पुरस्कार-2026 तिरोड़ा के वरिष्ठ पत्रकार तथा 'नवभारत' के पत्रकार राधेश्याम नागपुरे को प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं उत्कृष्ट छायाचित्र पुरस्कार वन विभाग की आरती फुलके, उत्कृष्ट समाचार पत्र विक्रेता पुरस्कार राजेश वैद्य, स्व. मनोहरभाई पटेल स्मृति संपादकीय पुरस्कार 'जगप्रेरणा' के संपादक आशीष वर्मा, स्व. स्वा. से. हिरालाल जैन स्मृति उत्कृष्ट विकासवार्ता पुरस्कार संतोष बुकावण, स्व. संतोष अग्रवाल स्मृति खोजी समाचार पुरस्कार पवन पाथोडे तथा स्व. रामकिशोर कटकवार स्मृति समाचार चैनल पुरस्कार 'एबीपी माझा' के जिला प्रतिनिधि देवेंद्र रहांगडाले को प्रदान किया गया।

पत्रकारिता क्षेत्र के साथ-साथ चिकित्सा सेवा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. देवाशीष चटर्जी, डॉ. शिरीष रत्नपारखी, डॉ. दीपक बाहेकर और डॉ. राजेंद्र जैन का विशेष सम्मान किया गया। इसी प्रकार सामाजिक एवं सेवाभावी संस्थाओं के अंतर्गत कृषि रत्न पुरस्कार रतनभाऊ बघेले को, सामाजिक क्षेत्र पुरस्कार नरेंद्र हिंगे को प्रदान किया गया। वहीं निसर्ग फाउंडेशन को उसके उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों का भी सम्मान किया गया। इनमें 12वीं कक्षा की मेधावी छात्राएं जान्हवी चिचमकर, निधि कोरे और सुयश बोरकर, जबकि 10वीं कक्षा की मेधावी छात्राएं अवनी चौहान, खुशी सुखदेवे और आस्था नागपुरे शामिल रहीं।

कार्यक्रम का उत्कृष्ट संचालन कुलदीप लांजेवार ने किया, जबकि उपस्थित सभी अतिथियों का आभार संजय राऊत ने व्यक्त किया। समारोह के सफल आयोजन के लिए श्रमिक पत्रकार संघ के सचिव संजय राऊत, हरीश मोटघरे, रवि सपाटे, महेंद्र बिसेन, सुनील कावड़े, नवीन अग्रवाल, नवीन दहिकर, महेंद्र माने, मोहन पवार, अमित गुप्ता, सुरेश येडे, गौरव बिसेन सहित संघ के सभी सदस्यों ने अथक परिश्रम किया।

# आइडियल एकेडमी स्कूल, गोंदिया में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 80 वां स्वतंत्रता दिवस..

**जगप्रेरणा गोंदिया।** ***आइडियल एकेडमी स्कूल, गोंदिया में 80 वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही उत्साह, देशभक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।***



समारोह में श्री रमेंद्र बोरकर सर, सेवानिवृत्त प्राचार्य, जे एम ज्युनीयर कॉलेज गोंदिया, श्री वसंत गवळी सर, सभासद संविधान मैत्री संघ, तथा श्री संजीव बापट सर, जगप्रेरणा पेपर के शहर प्रतिनिधि एवं गायक विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुई। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, भाषण, नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से देश के वीर स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया। अतिथियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता के महत्व, संविधान के प्रति सम्मान, अनुशासन, शिक्षा और देश के प्रति कर्तव्यों का संदेश दिया। प्राचार्या श्रीमती सुषमा मैडम ने अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को स्वतंत्रता के मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने तथा एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों की विभिन्न उपलब्धियों का सम्मान भी किया गया। पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं स्टाफ सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। उनके मार्गदर्शन एवं विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी से स्वतंत्रता दिवस समारोह यादगार बन गया। कार्यक्रम का समापन देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम की भावना के साथ हुआ तथा सभी ने देश की एकता, अखंडता और प्रगति में अपना योगदान देने का संकल्प लिया।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com